## आज का मौसम



आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

$30.0^{0}$ अधिकतम तापमान | $23.0^{0}$ न्यूनतम तापमान

### बारिश में उखड़ गई कुछ दिनों पहले ही बनी मोहनपुर रोड



**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया में मोहनपुर रोड बारिश में जगह-जगह से उखड़ गई है, जबकि कुछ दिनों पहले ही पीडब्ल्यूडी ने सड़क को बनवाया था।

नकटिया से मोहनपुर तक करीब दो किलोमीटर की सड़क काफी समय से खराब पड़ी थी। करीब डेढ़ साल में जगह- जगह आरसीसी की सड़क बनाई गई। इसके अलावा जहां-जहां सड़क बची थी उसे बारिश से करीब 15 दिन पहले ही बनाया गया था। अब यह सड़क बारिश में जगह-जगह से उखड़ गई है।

# बिजली संकट: मलूकपुर के लोग आधी रात को सड़क पर

## आरोप : 15 दिन से झेल रहे संकट, कभी ट्रांसफार्मर में खराबी तो कभी लाइन में फाल्ट, 6-7 घंटे ही आ रही है बिजली

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** किला सब स्टेशन से जुड़े मलूकपुर नाले के आसपास रहने वाले लोग 15 दिन से बिजली संकट झेल रहे हैं। शिकायत के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। इससे गुस्साए लोगों ने शुक्रवार देर रात सड़क पर आकर विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है क्षेत्र में हद से ज्यादा बिजली कटौती हो रही है। मुश्किल से छह से सात घंटे ही सप्लाई मिल पा रही है।

मलूकपुर नाले के पास रहने वाले इरफान में बताया कि कभी ट्रांसफार्मर में खराबी तो कभी लाइन में फाल्ट आ जाता है। इस वजह से आपूर्ति बाधित होती है। कहा कि किला सब स्टेशन पर जाकर कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक अफसरों ने समस्या का समाधान नहीं किया है। उनका आरोप है कि अधिकारी और कर्मचारी फोन नहीं उठाते हैं। वहीं, प्रदर्शन के बाद भी किला सब स्टेशन से कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। देर रात करीब 11 बजे महिला, पुरुष और बच्चे सड़क पर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे थे।

- कहा, रात में दो-तीन घंटे से ज्यादा नहीं मिलती बिजली, जागते रहते हैं इलाके के लोग

### हरूनगला में फाल्ट से एक घंटे बाधित रही सप्लाई

फाल्ट के कारण हरूनगला क्षेत्र में शुक्रवार रात 8 से 9 बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान गर्मी में लोग परेशान होते रहे। वहीं, सुभाष नगर और सिविल लाइंस के साथ जगतपुर में ट्रिपिंग और कटौती से लोग जूझते रहे।

### सिर्फ बिजली चोरी पकड़ने में लगे कर्मचारी

किला क्षेत्र में इन दिनों अफसर और कर्मचारी बिजली चोरी पकड़ने में लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अफसर सप्लाई की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बिजली समस्या के चलते लोग परेशान हैं।

मलूकपुर नाले के पास ट्रांसफार्मर में दिक्कत थी, उसे ठीक कर दिया गया है। लोकल फाल्ट की वजह से आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस वजह से लोगों ने हंगामा किया। -भगवान दास, एसडीओ किला



कई घंटे तक बिजली गुल होने से नाराज लोगों ने आधी रात को मलूकपुर में प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार

### पोल में 15 दिन से आ रहा था करंट, बच्चा झुलसा

**बरेली, अमृत विचार :** किला इलाके के हुसैन बाग में पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर दस वर्षीय बालक झुलस गया। जबकि सतीपुर इलाके में करंट से गोवंशीय पशु की मौत हो गई। किला सबस्टेशन के हुसैन बाग में एक पोल में 15 दिन से करंट आ रहा था। आसपास के लोगों ने कई बार विभाग से इसकी शिकायत की, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। शुक्रवार को दस वर्षीय साजिद पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। राहगीरों ने किसी तरह से उसे बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। एसडीओ किला भगवानदास ने बताया कि पोल में अर्थिंग आ रही थी। अगर शिकायत आती तो उसे ठीक कर दिया जाता। वहीं, सतीपुर इलाके में पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर गोवंशीय पशु की मौत हो गई। सूचना पर वार्ड 40 सहसवानी टोला की पार्षद सरिता रानी कश्यप मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार समस्या बताने के लिए कई बार अफसरों को फोन नहीं, लेकिन नहीं उठा।

### सॉफ्टवेयर अपडेट न होने से लोग नहीं भर पा रहे हैं स्वकर फार्म

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के टैक्स विभाग का सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं होने से अभी लोग स्वकर जमा नहीं कर पा रहे हैं। लोग नगर निगम में टैक्स जमा पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है। वहीं 31 अक्टूबर तक स्वकर जमा न करने पर जीआईएस सर्वे से ही हाउस टैक्स जमा करना होगा।

हाउस टैक्स जमा करने वाले नए और पुराने करदाता 2,28,385 हैं। जीआईएस सर्वे में गड़बड़ियों की वजह से लोग तीन महीने से हाउस टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं। बुधवार को मेयर, नगर आयुक्त और टैक्स विभाग के अधिकारियों की पार्षदों के साथ हुई बैठक में तय हुआ कि पुराने भवनस्वामियों को स्वकर प्रणाली और नए करदाताओं जीआईएस सर्वे के आधार पर टैक्स देना होगा। अगर नए करदाता भी चाहें तो स्वकर के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अप्रैल और मई में सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया। जून में विवाद की वजह से परेशानी हुई लेकिन अभी तक सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं हो सका। ऐसे में लोग नई व्यवस्था के तहत कर जमा नहीं कर पा रहे हैं। हर रोज लोग नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें सही जवाब नहीं मिल रहा है कि कब से टैक्स जमा किया जाएगा। लोगों को सिर्फ सॉफ्टवेयर अपडेट करने और एक सप्ताह का समय लगने की ही जानकारी दी जा रही है। अभी तक नए मकानों की आईडी का भी मिलान नहीं हो सका है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि अभी सॉफ्टवेयर अपडेट किया जा रहा है और इसमें एक सप्ताह का समय लगेगा।

# परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थी लगाते रहे गुहार ट्रेनें लेट होने के अफसर गिनाते रहे बहाने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ब्लॉक, ट्रैक पर पानी भरने तो कहीं सिग्नल फेल होने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित
- एसएससी सीपीओ की परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों ने एक्स पर की शिकायतें

**अमृत विचार :** अलग-अलग रेल सेक्शन में ब्लॉक और सिग्नल की समस्याओं के चलते शुक्रवार को ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। सबसे ज्यादा दिक्कत एसएससी सीपीओ की परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों को हुई। ट्रेनें लेट होने के बाद इन अभ्यर्थियों को परीक्षा छूटने का डर सताने लगा तो एक्स पर शिकायत की। जवाब में रेल अफसर तमाम कारण गिनाते रहे। रन ओवर तो कहीं बारिश से ट्रैक पर पानी भर जाने से ट्रेनें लेट हुईं। अवध असम, सियालदह, राज्यरानी समेत स्पेशल ट्रेनें भी घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचीं। इस वजह से यात्रियों को परेशानी हुई।

04721 बीकानेर-दानापुर स्पेशल ट्रेन में सफर कर रहे गौरव कुमार ने एक्स कर रेल अफसरों को बताया कि शुक्रवार दोपहर दो बजे से उनकी परीक्षा है और ट्रेन तीन घंटे से ज्यादा लेट हो चुकी है। अगर ऐसे ही रहा तो परीक्षा कैसे देंगे, जिम्मेदारी कौन लेगा।

कुमार सिराना नाम के यात्री ने एक्स पर शिकायत कर बताया कि आज बहुत सारे अभ्यर्थी एसएससी सीपीओ की परीक्षा देने जा रहे हैं। 04058 मुजफ्फरपुर स्पेशल ट्रेन घंटों लेट है। अगर केंद्र पर लेट पहुंचे तो उन्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। इसी ट्रेन में सफर कर रहे रोहित कुमार पाल ने बताया कि वह परीक्षा देने जा रहे हैं, लेकिन चार घंटा ट्रेन लेट हो चुकी है। उधर, मुरादाबाद रेल मंडल के एक्स हैंडल से बताया गया कि हैवी ट्रैफिक के कारण ट्रेन लेट हो रही है। इसके अलावा मुरादाबाद में ट्रैक पर पानी भर जाने के कारण कई ट्रेनों के घंटों लेट होने की जानकारी रेलवे ने एक्स पर यात्रियों को दी।



जंक्शन पर ट्रेनों में भीड़भाड़ से पूरे दिन यात्री जूझते रहे। ● अमृत विचार

**यह ट्रेनें देरी से पहुंचीं :** 14673 शहीद एक्सप्रेस 1 घंटा 19 मिनट, 05302 मऊ स्पेशल 9 घंटा 24 मिनट, 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस एक घंटा, 12036 पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस एक घंटा, 15910 अवध असम एक्सप्रेस 4 घंटा 46 मिनट, 13152 सियालदह एक्सप्रेस 4 घंटा 34 मिनट, 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस 8 घंटा 58 मिनट, 12318 अकाल तख्त एक्सप्रेस 2 घंटा 25 मिनट, 22546 वंदे भारत एक्सप्रेस एक घंटा 11 मिनट, 15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस 3 घंटा 23 मिनट, 22356 चंडीगढ़-पाटलीपुत्र एक्सप्रेस 2 घंटा 52 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची।

यह ट्रेनें अलग-अलग सेक्शन में चल रहे ब्लॉक व अन्य कारणों से प्रभावित हुईं। मुरादाबाद सहारनपुर रेल खंड के रुड़की स्टेशन यार्ड और गोंडा-बुढ़वल यार्ड में काम चल रहा है।

### बारिश में ट्रैक सर्किट फेल होने से दो दर्जन ट्रेनें प्रभावित

मुरादाबाद में गुरुवार सुबह भारी बारिश के कारण सुबह करीब सात बजे ट्रैक सर्किट फेल होने से रेल यातायात बाधित हो गया। अप और डाउन की दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। करीब तीन घंटे तक ट्रेनें जहां तहां खड़ी रहीं। 13257 जनसाधारण एक्सप्रेस, 12325 नांगलडैम एक्सप्रेस, 14321 आला हजरत एक्सप्रेस, 14617 जनसेवा एक्सप्रेस, 15057 गोरखपुर आनंद विहार एक्सप्रेस, 22545 वंदेभारत एक्सप्रेस, 05597 सरहिंद स्पेशल, 14229 ऋषिकेश एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें प्रभावित हुईं। सुबह 10 बजे के बाद ट्रैक को फिट घोषित किया गया तब जाकर ट्रेनों का संचालन सामान्य हो पाया।

# बारिश से गर्मी से मिली राहत मगर जलभराव बना मुसीबत



मुंशीनगर जाने वाली सड़क बारिश में जलमग्न हो गई। ● अमृत विचार



अशोक सम्राट नगर में जलभराव।

**बरेली, अमृत विचार:** पिछले तीन दिन से रोज हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है लेकिन जलभराव मुसीबत बना हुआ है। कुछ ही घंटे की बारिश से मोहल्ले जलमग्न हो जा रहे हैं। मौसम विभाग ने सप्ताह भर बारिश का अनुमान जताया है। दो दिन में भारी बारिश हो सकती है।

ऐसे में बरेली में दिल्ली-एनसीआर जैसा हाल हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 25 मिमी बारिश हुई है, जिसमें सबसे अधिक नवाबगंज में 70 मिमी बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस कम 31.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस कम 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे से बारिश शुरू हुई। इसके बाद कुछ इलाकों में तेज बारिश होने से मोहल्लों और सड़कों में पानी भर गया। नालों की सफाई न होने की वजह से लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसून की दोनों शाखाओं की सक्रियता बढ़ने के साथ ही दक्षिण-पश्चिम मानसून ने शुक्रवार को प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी भाग को पूरी तरह से कवर कर लिया है। इसके अलावा मानसून के आगामी 48 घंटों के दौरान राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के शेष हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है। आगामी 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

- भारी बारिश होने पर दिल्ली-एनसीआर जैसे हो जाएंगे हालात



### चौपुला पुल के नीचे तोड़ीं दुकानें

**बरेली, अमृत विचार :** पुराने चौपुला पुल और अटल सेतु को जोड़ने का काम काफी दिनों से रुका हुआ था। अब फिर से काम शुरू होगा। इससे पहले शुक्रवार को बदायूं रोड पर चौपुला पुल के नीचे बनी दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। इसकी वजह से दुकानदारों को परेशानी भी हुई। हालांकि पुल निर्माण से आने वाले दिनों में बदायूं रोड पर जाने वाले लोगों को लंबे जाम में नहीं फंसना होगा। अभी अटल सेतु बनने के बाद भी पुराने पुल पर चढ़ने की जगह पर अतिक्रमण की वजह से जाम लगता है।

### वायरिंग दुरुस्त करने में जुटा रेलवे का बिजली विभाग

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश का मौसम आते ही रेलवे के बिजली विभाग ने बरेली जंक्शन, स्टेशन मास्टर कार्यालय, जीआरपी थाना, टीटीई कार्यालय आदि स्थानों पर वायरिंग और उपकरणों को चेक कर दुरुस्त करने काम शुरू कर दिया है। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह कार्य कराया जा रहा है। दरअसल, बीते दिनों जंक्शन पर करंट लगने से एक घुमंतू शख्स की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से रेलवे का बिजली विभाग हरकत में आया है।

# औद्योगिक इकाइयों की पार्किंग के लिए जुलाई में शुरू होगा ट्रक ले बाई का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमिश्नर ने बंडिया रोड पर नाला निर्माण की सुस्त प्रगति पर जताई नाराजगी
- मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक से नदारद आरएम यूपीसीडा से मांगा जवाब

**अमृत विचार :** कमिश्नरी सभागार में शुक्रवार को मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने औद्योगिक इकाइयों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के लिए झुमका तिराहे के पास ट्रक-ले-बाई का निर्माण हर हाल में जुलाई तक शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में पीडी एनएचएआई संदीप यादव ने जानकारी दी कि प्रस्ताव पर मुख्यालय ने आपत्तियां लगा दी थीं। उन्होंने कमिश्नर को बताया कि 10 दिन के अंदर स्वीकृति मिलने की संभावना है।

औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में बंडिया रोड नंबर पांच पर नाले के निर्माण की प्रगति काफी सुस्त होने का मुद्दा कमिश्नर के सामने उठाया गया। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए। बैठक से बिना बताए गैर हाजिर रहने पर कमिश्नर ने यूपीसीडा के आरएम से स्पष्टीकरण तलब किया है।

अटल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना में मंडल उपायुक्त से उद्यमियों के लिए इंडस्ट्रियल कलस्टर्स की स्थापना को 15 दिन में प्रस्ताव देने को कहा है। उप निदेशक पर्यटन की ओर से उद्यमियों को बताया गया कि विभाग ने होटलों का वर्गीकरण कर दिया है, जिसमें पंजीकृत होने के बाद होटल संचालकों को भी औद्योगिक इकाइयों की तरह ही तीन गुना टैक्स नगर निगम को देना होगा, जबकि अभी तक पांच गुना टैक्स होटल इकाइयां दे रही हैं। कमिश्नर ने कहा कि हाल में लाइन फॉर होटल एंड रिजोर्ट पॉलिसी नीति अपनाई गई है, जिससे पुराने होटल के संचालक भी अब नई पर्यटन नीति का लाभ ले सकेंगे।

इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र रिछा में बिजली ट्रिपिंग की समस्या उठाई गई। इसपर उन्होंने बिजली अफसरों को समस्या दूर करने के निर्देश दिए। संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला, मुख्य अभियंता विद्युत रण विजय सिंह, उप निदेशक पर्यटन बृजपाल सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी रोहित सिंह, पवन अरोड़ा, अजय शुक्ला, राजेश गुप्ता, एसके सिंह, तनुज भसीन, विमल रेवाड़ी आदि उद्यमी मौजूद रहे।




मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक करतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल।

### पाइप लाइन वाली इकाइयों को जीबीसी के लिए करें तैयार

संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बताया कि मंडल में 1294 एमओयू पर 79502.55 करोड़ निवेश प्रस्तावित है, इसमें मंडल के 540 औद्योगिक इकाइयों के लिए 41068.39 करोड़ का निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है। वहीं, 358 इकाइयां पाइप लाइन में है, जिनमें करीब 17409.770 करोड़ रुपये का निवेश होना है। कई नए उद्यमियों ने भी एमओयू साइन किए हैं। चारों जिलों के जिलाधिकारियों की ओर से बैठकें कराकर समस्याएं निस्तारित कराई जा रही हैं। कमिश्नर ने कहा कि पाइप लाइन वाली इकाइयों की समस्याओं को दूर कर जीबीसी के लिए तैयार करें।

### उद्यमियों के साथ जल्द करेंगे टाउनशिप योजना का प्रस्तुतीकरण

बैठक में बीडीए के ईई एपीएन सिंह ने बताया कि प्रस्तावित नाथ धाम एसएसएमई टाउनशिप योजना और मिनी ट्रांसपोर्ट नगर के लिए डिमांड सर्वे कराया गया था, जिसमें टाउनशिप योजना में 800 से 5000 वर्ग मीटर तक के भूखंडों के लिए 126 फार्म जमा किए गए हैं। मिनी ट्रांसपोर्ट योजना के डिमांड सर्वे के अनुसार कुल 945 फार्म जमा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि योजना का प्रस्तुतीकरण जल्द ही उद्यमियों के साथ किया जाएगा।


















## प्रशासन ने आदित्य के सांवरिया लॉन पर भी चलाया बुलडोजर

# अब अजगर लपेट में माफिया



### भीषण गोलीबारी कर शहर में आपराधिक हुकूमत जमाने की कोशिश करने वालों का अपना नक्शा बदला

शांतिप्रिय शहर के तौर पर पहचान रखने वाले बरेली में जमीनों पर कब्जे के लगातार मामलों की अनदेखी की शुरुआती चूक करने वाले पुलिस-प्रशासन ने अब पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए दो घंटे तक भीषण गोलीबारी करके शहर में नए आपराधिक चलन की शुरुआत करने वाले माफिया को अजगर की तरह अपनी जकड़ में कसना शुरू कर दिया है। बृहस्पतिवार को गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा के होटल और कोठी पर बुलडोजर चला था तो शुक्रवार को दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय के आलीशान रिजॉर्ट को भी मलबे में तब्दील कर दिया गया। प्रशासन की तैयारी बता रही है कि अगर कोई दखलंदाजी न हुई तो अभी और बहुत कुछ होना बाकी है। घटना की पृष्ठभूमि जिन सियासी हस्तियों का जिक्र हो रहा है, उनके साथ उन सफेदपोशों तक भी उसके हाथ पहुंच सकते हैं जो पुलिस-प्रशासन में घुसपैठ बनाकर माफिया के गुर्गों के तौर पर काम कर रहे हैं।



मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया गया डोहरा रोड पर आदित्य उपाध्याय का बरातघर। ● अमृत विचार

# छह घंटे चले चार बुलडोजर, एक पोकलैंड... और मलबे के ढेर में तब्दील हो गया तीन हजार वर्गगज में बना बरातघर

### भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू हुई कार्रवाई शाम साढ़े 6 बजे तक चली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए बीच सड़क दो घंटे गोलीबारी कराने की घटना के मुख्य आरोपी राजीव राणा के संजयनगर में होटल और कोठी को एक दिन पहले जमींदोज करने के बाद प्रशासन ने शुक्रवार को दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय पर कार्रवाई की। उसके डोहरा रोड पर करीब तीन हजार वर्ग गज में सांवरिया लॉन नाम से बने आलीशान रिजॉर्ट और बरातघर को करीब साढ़े छह घंटे चार बुलडोजर और पोकलैंड मशीन चलाकर मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया गया।

आदित्य उपाध्याय और उसके बेटे को गोलीबारी के दिन 22 जून को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे चार बुलडोजर और एक पोकलैंड मशीन रामगंगानगर में बीडीए कार्यालय के बाहर आकर खड़े हो गए। इसी दौरान पुलिस की कई गाड़ियां भी सांवरिया लॉन पर पहुंच गईं। करीब एक बजे बुलडोजर और पोकलैंड मंगाकर कार्रवाई शुरू कर दी गई। सबसे पहले पोकलैंड से मुख्यद्वार पर बने फव्वारे और उसके बीच लगी मूर्ति को तोड़ा गया। इसके बाद बुलडोजरों से अंदर बने बरातघर, रेस्टोरेंट समेत सारा पक्का और अस्थाई निर्माण ध्वस्त किया जाना शुरू कर दिया गया।

शाम 4 बजे तक 80 फीसदी इमारत को ध्वस्त कर दिया गया लेकिन इसी बीच मशीन खराब होने से काम रुक गया। उसे ठीक कराकर कुछ देर बाद फिर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जो शाम 6.30 बजे इमारत के पूरी तरह मलबे के ढेर में तब्दील होने तक चलती रही।

### असमंजस के बीच में काफी देर तक रुकी रही कार्रवाई

बृहस्पतिवार को राजीव राणा का होटल और कोठी गिराने के बाद देर शाम को तय हो गया था कि आदित्य के डोहरा रोड पर बने सांवरिया लॉन पर भी बुलडोजर चलाया जाएगा लेकिन शुक्रवार 12 बजे तक असमंजस की स्थिति बनी रही। दरअसल, सुबह होटल सीके वैली और सिटी स्टार को सील करने के बाद सीओ अनीता चौहान ने बीडीए की टीम से अगले एक्शन के बारे में पूछा तो बताया गया कि सचिव ही इस बारे में कुछ बता सकते हैं। बीडीए सचिव से बात करने के बाद पुलिस फोर्स और एसीएम वहां से चले गए। कुछ देर ऊहापोह रहने के बाद दोपहर 12 बजे पोकलैंड मशीन और बुलडोजर रामगंगा नगर में बीडीए कार्यालय के बाहर मंगाकर अफसरों के निर्देश का इंतजार किया जाने लगा। दोपहर 12 .30 बजे तय हुआ कि सांवरिया लॉन भी गिराया जाएगा, तब कार्रवाई के लिए टीमें वहां पहुंचीं।



मिट गया नामोनिशान, धराशायी होता सांवरिया लॉन का गेट। ● अमृत विचार

### माफिया को ऐसे जकड़ रहा है प्रशासन

- **राजीव राणा का नाटकीय ढंग से आत्मसमर्पण कराने वालों की शुरू की गई है जांच ताकि उसकी मदद करने वाले सफेदपोशों को चिह्नित किया जा सके।**
- **रजिस्ट्री कार्यालय से विवादित जमीन का ब्योरा निकलवाया जा रहा है ताकि पुष्टि हो कि पर्दे के पीछे उसकी खरीद-फरोख्त में किन लोगों का हाथ है।**
- **सभी आरोपियों पर गैंगस्टर और एनएसए लगाने की तैयारी, पुलिस अधिकारी दावा कर रहे हैं कि यह कार्रवाई अपराधियों के लिए नजीर बनेगी।**
- **जमीन के इस विवाद में सियासी हस्तियों की भूमिका की जांच। आईजी का कहना है कि कोई भी हो, इस मामले में किसी को नहीं छोड़ा जाएगा।**

पुलिस और प्रशासन की ओर से अवैध कब्जों और निर्माण के बारे में जो सूचना मिल रही है, उस पर हम जांच करा रहे हैं। दोषी व्यक्ति चाहे जितना बड़ा हो, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बीडीए नियमों के तहत ही कार्रवाई करेगा।

**-मानिकनंदन ए,** बीडीए उपाध्यक्ष

### मंदिर को छोड़ दिया

सांवरिया लॉन में एक मंदिर भी बना मिला। अफसरों ने माना कि मंदिर का निर्माण अवैध निर्माण के बचाव के लिए कराया गया है। टीमों ने इस मंदिर को बचाते हुए सारा निर्माण ध्वस्त किया।

### जहां-तहां बिखरीं प्रतिमाएं

सांवरिया लॉन में जहां-तहां आदमकद प्रतिमाएं लगाकर उसे सजाया गया था। बुलडोजर ने इन प्रतिमाओं को भी ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के बाद उनके अवशेष इधर-उधर बिखरे नजर आए।

### डोहरा रोड पर छह घंटे तक पसरा रहा सन्नाटा

**बरेली, अमृत विचार :** आदित्य के लॉन पर करीब छह घंटे तक बुलडोजर की कार्रवाई हुई। इस दौरान पुलिस ने डोहरा रोड को बंद कर रखा था। इसके कारण सन्नाटा पसरा रहा। गोलीकांड के आरोपी आदित्य उपाध्याय के लान पर चार जेसीबी मशीन और एक पोकलेन से करीब छह घंटे तक चली ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान डोहरा रोड पर सन्नाटा पसरा रहा। लोगों की आवाजाही पुलिस ने रोक दी थी। यहां तक की एम्बुलेंस को भी काफी देर बाद पुलिस ने जाने दिया। करीब तीन बजे जब लान के पास स्थित दो मंजिला भवन तेज आवाज के साथ गिरा तो करीब 15 मिनट तक धूल उड़ने लगा, मौजूद सभी अधिकारी और पुलिसकर्मी शांत हो गए।

### आदित्य के भाई को भी पुलिस ने लिया हिरासत में

मां के पहुंचने के कुछ देर आदित्य उपाध्याय का भाई भी मौके पर पहुंचा। उसने भी तोड़फोड़ का विरोध किया तो पुलिस ने उसे भी हिरासत में लेकर गाड़ी में बैठा लिया। मां-बेटे दोनों ने गाड़ी से कूदने का प्रयास किया। मीरा शर्मा ने यह मैरिज लॉन उनके नाम है। उन्हें पुलिस ने सामान भी नहीं निकालने दिया। पुलिस ने देर शाम रिजॉर्ट ध्वस्त होने के बाद आदित्य की मां और भाई को छोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दोनों तरफ बैरेकेडिंग कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया था।

### आदित्य की रिटायर्ड दरोगा मां ने किया हंगामा तो हिरासत में लिया

सांवरियां लॉन के ध्वस्तीकरण की कारवाई शुरू किए जाने के कुछ ही देर बाद ही आदित्य उपाध्याय की रिटायर्ड दरोगा मां मीरा शर्मा पहुंच गईं और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। इस पर सीओ अनीता चौहान ने उन्हें खुद पकड़कर पुलिस जीप में बैठा दिया। उनके साथ आए एक शख्स को भी डंडे खाकर मौके से भागना पड़ा।









बीडीए के ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान लोगों की भीड़ जुट गई। ● अमृत विचार

## दबकर रह गया था सड़क पर बने बरातघर को ढहाने का तीन साल पुराना आदेश



**बरेली, अमृत विचार :** डोहरा रोड पर रामगंगानगर परियोजना के आगे बने सांवरिया लॉन को ढहाने का आदेश तीन साल पहले जारी हो चुका था लेकिन सत्ता की ताकत इसके भी आड़े आ गई। कोई कार्रवाई किए बगैर आदेश को दबा दिया गया। बीडीए के मुताबिक सांवरिया लॉन को सरकारी जमीन पर कब्जा करके बढ़ाया गया था। पहले यह रोड सिंगल लेन थी, प्राधिकरण ने अवस्थापना निधि से इसे वर्ष 2020 में सात मीटर चौड़ा कराया था। आदित्य उपाध्याय ने सड़क के साथ फुटपाथ पर भी कब्जा कर लॉन के कमरों में जाने का रास्ता बना लिया। लॉन के सामने बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल में फुटपाथ की जगह छोड़कर बीडीए ने नया स्कूल बनवाया है। सड़क पर कब्जे के साथ लॉन का नक्शा भी मंजूर न होने के कारण अक्टूबर 2023 में बीडीए ने सांवरिया लॉन को ध्वस्त करने आदेश जारी किया था लेकिन सत्ताधारी नेताओं के दबाव में उसे दबा दिया गया। गोलीकांड के बाद जांच हुई तो आदित्य उपाध्याय की भी फाइल भी खुली और उसमें दबा तीन साल पुराना आदेश बाहर आ गया।

## बाहर से दिखता था मंदिर अंदर था हुक्का बार

**बरेली, अमृत विचार:** आदित्य उपाध्याय ने अपने रसूख के दम पर कृषियोग्य भूमि पर बरातघर बनाने के बाद हुक्का बार और कैफे भी खोल रखा था जहां नशे के लिए पहुंचने वाले कम उम्र के युवाओं से वह घंटे के हिसाब से मोटा पैसा लेता था। आदित्य की रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर मां मीरा शर्मा के नाम पर ही यह कृषियोग्य जमीन है जिसका भू उपयोग बदलवाए बगैर व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा था। इसे आदित्य और उसका बेटा अविरल चलाते थे। बाहर से बरातघर और मंदिर दिखने वाली इस इमारत को गिराने से पहले खाली कराया गया तो वहां हुक्का बार देखकर अफसर भी हैरत में पड़ गए।

- **मां के नाम दर्ज कृषि भूमि का व्यावसायिक इस्तेमाल कर रहा था आदित्य**



## राणा का दूसरा सिटी स्टार होटल भी टूटेगा, अभी सीके वैली समेत सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्लॉट पर कब्जे के लिए गोलीबारी से पहले मुंशीनगर के जिस सीके वैली होटल में भाड़े के बदमाशों को ठहराया गया था, शुक्रवार को उसे अवैध करार देते हुए बीडीए ने सील कर दिया। इसके अलावा तुलाशेरपुर में राजीव राणा के दूसरे सिटी स्टार होटल को भी सील किया गया है। बीडीए अफसरों के मुताबिक राणा का यह सिटी स्टार होटल भी बगैर नक्शा मंजूर कराए बनाया गया है और उसे भी जल्द ध्वस्त किया जाएगा।

बीडीए की टीम ने शुक्रवार सुबह 10.30 बजे पुलिस फोर्स के साथ मुंशीनगर पहुंचकर होटल सीके वैली की छानबीन की। इसमें पता चला कि मोहम्मद चांद नाम के शख्स ने सीएआरआई गेट के सामने आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराकर यह तीन मंजिला होटल बनवा लिया था। चार साल पहले बीडीए में इस होटल को अवैध बताते हुए वाद भी दायर किया गया था। अब जेई की संस्तुति पर एक्सईएन प्रवर्तन योगेंद्र कुमार ने शुक्रवार को सीओ अनीता चौहान और एसीएम प्रमोद कुमार के साथ होटल को सील कर दिया।

इसके बाद बीडीए की टीम ने तुलाशेरपुर में राजीव राणा के दूसरे सिटी स्टार होटल को भी सील कर दिया। करीब तीन सौ वर्ग मीटर जमीन पर यह होटल भी बीडीए की स्वीकृति और मानचित्र के बगैर बनवाया गया था। इसमें भूतल और प्रथम तल का निर्माण किया गया था। बीडीए के अफसरों के मुताबिक यह होटल कई और मानकों के खिलाफ बना है। होटल के सामने सड़क सिर्फ पांच फुट चौड़ी है और उसमें पार्किंग भी नहीं है। बगल में खाली प्लॉट पर कूड़ा इकट्ठा होता है। राणा के सत्ताधारी नेताओं से संबंधों के दम पर यह अवैध होटल आवासीय बस्ती में चल रहा था। अधिकारियों के मुताबिक सील करने के बाद जल्द ही इसे भी तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।



होटल सीके वैली को किया सील।

- **गोलीबारी से पहले रात को सीके वैली में ही ठहराया था बदमाशों को**
- **एक आवासीय नक्शे पर बना, दूसरे का नक्शा ही नहीं स्वीकृत**



बरातघर को तोड़ने के दौरान भारी संख्या में फोर्स रही मौजूद। ● अमृत विचार

## अनियमितताओं पर तीन सौ बेड अस्पताल के सीएमएस को हटाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सीएमओ ने की कार्रवाई, डीटीओ को मिला चार्ज**
- **स्टाफ से तालमेल नहीं बैठा पा रहे थे प्रभारी सीएमएस**

**अमृत विचार :** कार्य में सुधार न होने और अनियमितताओं की वजह से सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने तीन सौ बेड अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा को पद से हटा दिया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन को प्रभारी सीएमएस बनाया गया है। डॉ. चंद्रा स्टाफ से तालमेल नहीं बैठा पा रहे थे।

करीब एक माह पूर्व अस्पताल में तैनात पैथोलॉजिस्ट से ओपीडी के दौरान प्रभारी सीएमएस का विवाद हुआ था। बताते हैं कि दस दिन पहले उन्होंने दंत रोग विशेषज्ञ को हड्डी के मरीज देखने का आदेश दिया था। इसपर डॉक्टर ने आपत्ति जताई थी। इस मुद्दे ने भी काफी तूल पकड़ा था। दोनों ही मामले सीएमओ तक पहुंचे थे। वहीं, आवास में रह रहे कर्मचारी पेजयल समस्या दूर न होने पर लगातार अफसरों से शिकायत कर रहे थे।

सोमवार को डॉ. इंतजार हुसैन तीन सौ बेड अस्पताल के प्रभारी सीएमएस के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। फिलहाल, डॉ. सतीश चंद्रा अस्पताल में ही सेवाएं देंगे।

**- डॉ. विश्राम सिंह,** सीएमओ

## निदा को भरण पोषण न देने पर शीरान के विरुद्ध रिकवरी वारंट

विधि संवाददाता, बरेली : समाजसेवी निदा खान को भरण पोषण की रकम अदा न करने पर पति शीरान रजा खां के विरुद्ध प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने रिकवरी वारंट जारी कर एसएसपी को रकम वसूली करने अथवा शीरान को गिरफ्तार कर कोर्ट में हाजिर करने का आदेश दिया है। निदा ने कोर्ट में अर्जी देकर बताया था कि पति शीरान पर 72 हजार रुपये भरण पोषण की रकम बकाया है। काफी समय से उन्हें रकम अदा नहीं की है। कोर्ट ने मामले में सुनवाई को 30 जुलाई की तिथि नियत की है।

## कमिश्नर से की प्लॉट को कब्जामुक्त कराने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के रहने वाले राकेश कुमार ने कमिश्नर कार्यालय में पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई। उनके अनुसार आलोक नगर कंजादासपुर स्थित उनके प्लॉट को कुछ लोगों ने अपने कब्जे में कर लिया है। उनके अनुसार आरोपी इस तरह का ही धंधा करते हैं। इस संबंध में थाना इज्ज्तनगर में शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने प्लॉट को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

# राह चलते लुटे महिला नेता और बैंक अफसर के बैग

### एक वारदात थाना प्रेमनगर के पास और दूसरी कलेक्ट्रेट के सामने, बाइक सवारों ने की घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **भाजपा महिला मोर्चा की महानगर उपाध्यक्ष के मुताबिक बैग में था कैश और जरूरी कागज**
- **एसबीआई की मुख्य शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक के साथ ड्यूटी से घर लौटते वक्त हुई वारदात**

**अमृत विचार :** पति के साथ बैंक जा रहीं भाजपा महिला मोर्चा की महानगर उपाध्यक्ष नंदा अग्रवाल को बाइक सवार तीन बदमाशों ने प्रेमनगर थाने के मुख्य गेट से कुछ दूरी पर लूट लिया। उनसे पॉलीथिन बैग छीन लिया। बैग में छह हजार रुपये, मोबाइल व अन्य जरूरी सामान था। उनका आरोप है कि अभी तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जबकि पुलिस का कहना है रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर के शास्त्रीनगर निवासी नंदा अग्रवाल के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह पति प्रदीप अग्रवाल के साथ शहामतगंज स्थित एक बैंक में रुपये निकालने के लिए स्कूटी से जा रही थीं। उनके हाथ में पॉलीथिन बैग था, जिसमें करीब छह हजार रुपये, डेबिट कार्ड , मोबाइल, पैन, आधार कार्ड के अलावा जरूरी दस्तावेज थे। उनकी स्कूटी प्रेमनगर थाने के मुख्य गेट से कुछ दूरी पर पहुंची, तभी बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने हाथ से पॉलीथिन बैग छीन लिया। इस दौरान वह स्कूटी गिरते गिरते बचीं। बदमाश गलियों से होकर फरार हो गए। वह तुरंत पति के साथ थाना प्रेमनगर पहुंचीं और तहरीर दी। पुलिस ने दर्ज करने का आश्वासन दिया। सीसीटीवी भी चेक किए, लेकिन अभी तक आरोपी पकड़े नहीं गए हैं। पहले भी इस क्षेत्र में इस तरह की वारदातें हो चुकी हैं। इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। कलेक्ट्रेट के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक नूपुर विश्वकर्मा का बाइक सवार तीन बदमाशों ने बैग छीन लिया। बैग में नकदी और कुछ सामान था। उन्होंने थाना कोतवाली में शिकायत की है। जेल रोड स्थित किंग्स कोर्ट अपार्टमेंट निवासी नूपुर ने बताया कि कलेक्ट्रेट के पास बैंक शाखा से रात साढ़े आठ बजे वह पैदल घर जा रही थीं। बैंक के सामने ही पीछे से आए तीन बाइक सवारों ने झपट्टा मारकर उनका पर्स छीन लिया और सेठ दामोदर स्वरूप पार्क की ओर भाग गए।

### आठ दिन पहले महिला के कुंडल खींचने वाला अब तक हाथ नहीं आया

बरेली, अमृत विचार : मोहल्ला गणेशनगर निवासी मीना देवी के अनुसार आठ दिन पूर्व वह मोहल्ले की कुछ महिलाओं के साथ सुबह पांच बजे टहलने गई थीं। इस दौरान गन्ना मिले के सामने मुंह पर कपड़ा बांधकर आए एक युवक ने उनके कान से कुंडल खींच लिए और भाग गया। उन्होंने थाना सुभाषनगर में तहरीर दी, लेकिन पुलिस अब तक आरोपी को तलाश नहीं कर सकी है। इंस्पेक्टर सतीश कुमार राय ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### रोली अक्षत लगाकर किया बच्चों का स्वागत



**बरेली, अमृत विचार** : बारी नगला स्थित पूर्व माध्यमिक स्कूल में बच्चों को रोली-अक्षत लगा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मध्यान्ह भोजन के तहत बच्चों को खीर परोसी गई। रजी हसन, प्रधानाध्यापक डॉ. विनोद कुमार शर्मा, प्रियांशी, वन्दना, साक्षी, अंजली, कमलेश, प्रिया भावना, पूजा, वंशिका और नितेश मौजूद रहे।

### बच्चों ने सीखी पेंटिंग और क्राफ्ट वर्क की बारीकी



**बरेली, अमृत विचार** : आलमपुर जाफराबाद स्थित पथरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को दो दिवसीय समर कैंप का आरंभ किया गया। प्रधानाध्यापक सारिका सक्सेना व बच्चों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कैंप की शुरुआत की। पहले दिन बच्चों को स्प्रे पेंटिंग, पेंटिंग, क्राफ्ट वर्क और पोस्टर मैकिंग की बारीकियां बताई गईं। इस अवसर पर स्कूल में गठित ईको क्लब के तहत बच्चों को जैविक खाद व जैविक खेती के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामान बनाने के बारे में बताया जा रहा है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई भामाशाह जयंती



**बरेली, अमृत विचार** : माहौर वैश्य सभा समिति की ओर से शुक्रवार को आजाद नगर स्थित कार्यालय पर भामाशाह जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर समिति की भावी योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष जय नारायण गुप्ता ने कहा कि उन्होंने देश हित में अपनी पूरी कमाई महाराणा प्रताप को सौंप दी थी। राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वस्व दान करने वाले भामाशाह हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। इससे पूर्व पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। महामंत्री सुशील कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, हर्षित गुप्ता, तृप्ति गुप्ता, अर्जुन अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, निमेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ जत्था



**बरेली, अमृत विचार** : अमरनाथ यात्रा के लिए 12 सदस्यीय जत्था मानव सेवा क्लब के पदाधिकारियों ने रवाना किया। इस अवसर पर क्लब की ओर से जत्थे के सभी यात्रियों को पटका पहना कर कर विदा किया गया। अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा, इंद्रदेव त्रिवेदी, एएस अग्रवाल, अभय भटनागर, ललित कश्यप, शुभम ठाकुर, अशोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### रंग और ब्रश से उकेरा प्रभु राम का जीवन चरित्र



**बरेली, अमृत विचार** : रामायण पर आधारित होम स्टूडियो चित्रकला कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को संस्कृति विभाग और राज्य ललित कला अकादमी की ओर से किया गया। कार्यशाला में बरेली परिक्षेत्र से चयनित चित्रकारों ने भगवान राम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर आधारित चित्रकारी कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की सबने बहुत सराहना की।

### सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को दी समापक राशि



**बरेली, अमृत विचार** : जून में सेवानिवृत्त हुए 27 रेल कर्मचारियों को मैत्री सामुदायिक केंद्र इज्जतनगर के प्रेक्षागृह में मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने समापक राशि का भुगतान परिपत्र, मेडीकल कार्ड व गोल्ड प्लेटेड मेडल प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समापक भुगतान के मद में प्राप्त हुई धन राशि इन कर्मियों के जीवन की अमूल्य धरोहर है। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे रेल परिवार के अभिन्न अंग हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए रेल प्रशासन का द्वार उनके लिए खुला है। जरूरत पड़ने पर वे बेहिचक रेल अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर एडीआरएम राजीव अग्रवाल, सीनियर डीई (समन्वय) अरुण कुमार, सीएमएस डॉ. अर्नब नाग, सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने किया।

### पेंशन योजना और ई-नामांकन के बारे में बताया



**बरेली, अमृत विचार** : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय के तहत शुक्रवार को आठ जिलों में निधि आपके निकट 2.0 जिला संपर्क कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें कर्मचारी पेंशन योजना, संबद्ध बीमा योजना के प्रावधान, ई-नामांकन आदि के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अनिल कुमार ने ईडीएलआई योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान पेंशनभोगियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष पेंशन शिकायत सहायता डेस्क की स्थापना की गई। बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, जेपी नगर, संभल, बदायूं और पीलीभीत जिले में कार्यक्रम हुआ।

अमृत विचार

सूचना

प्रिय पाठक,

यदि आपका अपना प्रिय अखबार ''अमृत विचार'' मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।

मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807



पढ़ते रहिये ''अमृत विचार'' सिर्फ ₹ 5/-

# हे मां सरस्वती... स्कूलों की देखभाल करने वालों को भी दें सद्बुद्धि

## सरस्वती पूजन से सत्र की शुरुआत, तमाम बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : परिषदीय स्कूल 45 दिन की छुट्टी के बाद जब शुक्रवार को खुले तो कई स्कूलों में बच्चों का जलभराव से स्वागत हुआ। जलनिकासी न होने की वजह से बारिश में स्कूल तालाब बन गए और बच्चों को गेट से ही लौटना पड़ा। स्कूल खुलने से पहले सभी इंतजाम पूरे करने के अफसरों के दावे धरे रह गए। जो स्कूल खुले वहां बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और मां सरस्वती की प्रार्थना के साथ पढ़ाई शुरू की गई।

स्कूल खुलने से विभाग ने पहले ही सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए तीन दिन पहले 25 जून को स्कूल खोलकर साफ सफाई भी की गई लेकिन जब शुक्रवार को स्कूल खुले तो बच्चों को परेशानियां उठानीं पड़ीं। बारिश की वजह से हजियापुर प्राथमिक स्कूल में पानी भर गया। इस वजह से बच्चों को स्कूल गेट से लौटना पड़ा। नेकपुर प्राथमिक स्कूल में बारिश के कारण बच्चे ही नहीं पहुंचे। सूफी टोला स्थित स्कूल में भी एक दो बच्चे ही आए। मॉडल किशोर बाजार स्कूल में भी जलभराव की स्थिति बनी रही।

हजियापुर स्कूल के प्रधानाध्यापक दुर्गेश बाबू ने बताया कि लंबे समय से जलनिकासी बदहाल है। वह अपने स्तर से कई बार नालियों को दुरूस्त करा चुके हैं। बरसात के दिनों में यहां जलभराव होता है। बच्चे स्कूल तक नहीं आ पाते हैं। बीएसए को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है। रहपुरा चौधरी स्कूल के प्रधानाध्यापक हरीश बाबू शर्मा ने बताया कि दो दिन से शिक्षकों को खुद ही स्कूल की साफ सफाई करनी पड़ रही है। कोई भी सफाई कर्मी नहीं आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के कई स्कूलों का हाल और ज्यादा खराब रहा। कई स्कूलों का रास्ता बारिश के बाद तालाब बन जाने से उनमें सन्नाटा पसरा रहा।



सूफी टोला में विद्यालय गेट पर भरा पानी। ● अमृत विचार

● **नेकपुर प्राथमिक स्कूल में बारिश के चलते नहीं पहुंचे बच्चे**



हजियापुर में स्कूल परिसर में जलभराव।



मॉडल किशोर बाजार स्कूल में जलभराव के चलते बच्चों और शिक्षकों को हुई परेशानी। ● अमृत विचार





रहपुरा चौधरी और बांके छावनी स्थित विद्यालय में शिक्षकों ने तिलक लगाकर बच्चों का किया स्वागत। ● अमृत विचार

### स्कूलों में तिलक लगाकर बच्चों का किया स्वागत

43 दिन बाद परिषदीय स्कूलों में शिक्षण कार्य शुरू हुआ। गुरुवार को रहपुरा चौधरी स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल, कालीबाड़ी और बांके छावनी स्थित प्राथमिक स्कूल में पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। शिक्षकों ने उनका उत्साह बढ़ाया। विद्यालयों को सजाया गया था। बच्चों के लिए विशेष रूप से विद्यालयों में खीर और हलवा तैयार कराया गया था।

### स्कूल खुला पर पहुंचे सात में सिर्फ दो शिक्षक

**बरेली, अमृत विचार** : ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद भी शिक्षक स्कूलों में पहुंच नहीं रहे हैं। अभिभावकों का आरोप है कि शुक्रवार को आलमपुर जाफराबाद के मिलक मजरा जूनियर स्कूल में सात में सिर्फ दो ही शिक्षक आए, जबकि पांच अनुपस्थित रहे। अभिभावकों ने विभागीय अफसरों से शिकायत करने की बात कही है। सभी परिषदीय स्कूलों को 26 जून से खोलने के आदेश दिए गए थे। प्रधान पति नेम सिंह के अनुसार शिक्षकों के नियमित आने के लिए संबंधित अधिकारी से कहा जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बताया कि गत वर्ष यहां सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए शिक्षकों से कहा गया था, लेकिन शिक्षकों ने मना कर दिया। स्कूल की शिक्षिका प्रीति का कहना है कि शुक्रवार को सभी शिक्षक विद्यालय पहुंचे थे। बच्चे भी आए थे। बीएसए संजय सिंह का कहना है कि अगर शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं तो जांच कराई जाएगी।

## मुक्त विश्वविद्यालय की बीएड प्रवेश परीक्षा आज

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 की बीएड और बीएड स्पेशल की प्रवेश परीक्षा शनिवार को 10 जिलों में 13 केंद्रों पर होगी। बरेली में बरेली कॉलेज में केंद्र बनाया गया है। इसमें 169 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

प्रवेश परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रो. पी के स्टालिन ने बताया कि कुलपति प्रो. सत्यकाम के निर्देश पर सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की तैनाती कर दी गई है। प्रदेश में प्रवेश परीक्षा में 6036 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बरेली के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. आरबी सिंह ने बताया कि बरेली कॉलेज में केंद्र में परीक्षा की सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

## बरेली कॉलेज का ऑडिटोरियम हुआ खराब, मरम्मत के लिए बनाई समिति

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के ऑडिटोरियम की मरम्मत कराई जाएगी। कई साल बाद जब ऑडिटोरियम खोला गया तो यह पूरी तरह से खराब पाया गया। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने एक समिति बनाई है।

बरेली कॉलेज में करीब दो सौ चेयर का ऑडिटोरियम है। करीब चार साल पहले अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग के दौरान फाल सीलिंग का कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया था। इसके बाद इसे बंद कर दिया गया था। प्राचार्य ने प्रो. स्वदेश सिंह के नेतृत्व में 11 सदस्यीय समिति बनाई। इसके बाद गुरुवार को समिति की मौजूदगी में ऑडिटोरियम को खोलकर देखा गया। शुक्रवार को समिति के सदस्यों ने ऑडिटोरियम में देखा कि क्या-क्या सामान खराब हुआ है। जानकारी के मुताबिक समिति ने पाया कि पूरा ऑडिटोरियम लगभग खराब हो गया है। फाल सीलिंग पूरी खराब हो गई है। इसके अलावा लकड़ी को दीमक खा गई है। ज्यादातर कुर्सियां भी खराब हो गई हैं। समिति की रिपोर्ट के बाद इसे प्रबंध समिति के पास भेजा जाएगा ताकि इसकी मरम्मत कराई जा सके।



जर्जर स्थिति में है ऑडिटोरियम।

## स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन का कल अंतिम मौका, 92 हजार हुए पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन की 30 जून अंतिम तिथि है। शुक्रवार रात तक 92 हजार से अधिक आवेदन हो गए थे। अब महाविद्यालयों को मेरिट के आधार पर प्रवेश करने होंगे।

स्नातक में प्रवेश के लिए 10 मई से पंजीकरण हो रहे हैं। विश्वविद्यालय ने 9 जून आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की थी। कम संख्या में आवेदन और छात्रों की मांग पर तिथि बढ़ाकर 30 जून की गई थी। अभी भी पिछले साल के सापेक्ष अभी कम आवेदन हुए हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय एक बार फिर तिथि बढ़ा सकता है लेकिन अभी इसका निर्णय नहीं लिया गया है। मुख्य प्रवेश समन्वयक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि अभी पंजीकरण हो रहे हैं। महाविद्यालयों में जल्द प्रवेश शुरू होंगे।



बरेली कॉलेज में स्नातक में प्रवेश के लिए फार्म जमा करने पहुंचे छात्र। ● अमृत विचार

### बीएससी जीव विज्ञान और बीए में अधिक आवेदन

बरेली कॉलेज में स्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 1 जुलाई है। अब तक सबसे ज्यादा बीए और बीएससी जीव विज्ञान में प्रवेश के लिए छात्रों ने आवेदन किया है। जीव विज्ञान में सीटों के सापेक्ष ढाई गुना आवेदन आने से मेरिट हाई रहेगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए में प्रवेश के लिए 3190, बीएससी जीव विज्ञान में 1815, बीएससी गणित में 640, बीकॉम में 882, बीकॉम ऑनर्स में 275, बीबीए में 464 और बीसीए में 542 आवेदन हुए हैं।

## नाटक में त्रिकोणीय प्रेम कहानी को दर्शाया

**बरेली, अमृत विचार** : रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की ओर से आयोजित थिएटर फेस्ट में शुक्रवार को कॉमन पीपल दिल्ली ने मकरंद देशपांडे के लिखे एवं वशिष्ठ उपाध्याय निर्देशित नाटक 'सर सर सरला' का मंचन किया। इस दौरान कलाकारों ने सशक्त अभिनय से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

नाटक प्रेम की परिभाषा को नए सिरे से प्रस्तुत करता है। इसकी नायिका सरला अपने प्रोफेसर से प्रेम करती है। प्रोफेसर का शिष्य फणिधर सरला से प्रेम करता है। सरला का विवाह किसी अन्य से हो जाता है। इसी त्रिकोणीय प्रेम को दर्शाता नाटक यह संदेश संप्रेषित करता है कि प्रेम आयु, पद, प्रतिष्ठा का मोहताज नहीं होता। प्रेम एक प्राकृतिक अविरल धारा है, जिसे प्रवाहित होने से कोई नहीं रोक सकता। नाटक के अंत मे प्रोफेसर प्रेम को परिभाषित करते हुए लोगों को संदेश देते हैं कि कुछ चीजों पर इंसान का वश नहीं चलता और उन्हें वक्त पर छोड़ देना ही बेहतर होता है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विनोद पागरानी, अनिल अग्रवाल, अमिता अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। संयोजन शैलेंद्र आजाद ने किया। शालिनी गुप्ता, शुभि, अजय गौतम, सुशील, मोहित, सचिन श्याम भारतीय, महेंद्र पाल राही का विशेष सहयोग रहा।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

### विश्वविद्यालय के 13 कर्मचारी हुए प्रोन्नत

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 13 कर्मचारियों को प्रोन्नत कर दिया गया है। पदोन्नति समिति की संस्तुति और कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर कुलसचिव संजीव कुमार ने प्रोन्नति का आदेश जारी किया। उन्होंने कर्मचारियों को पदोन्नत विभाग में कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया। प्रोन्नत न होने पर कर्मचारियों ने कुछ महीने पहले विरोध भी जताया था। प्रोन्नत होने वाले कर्मचारियों में वरिष्ठ सहायक संगीत कुमार, शत्रुघन मौर्य, इफ्तेखार आदिल, पंकज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार सैनी, ज्ञान सिंह, कनिष्ठ सहायक समीर गुप्ता, आकाश, मानवेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, वशुंधरा राणा, अमित कुमार शाही और सौरभ सिंह हैं।

## अब कस्तूरबा स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राएं भी बनेंगी एनसीसी कैडेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में अब छात्राओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए एनसीसी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर जिला स्तर पर जरूरी कवायद पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार एनसीसी यूनिट के अधिकारी बा स्कूलों का निरीक्षण कर पर्याप्त मैदान, प्रशिक्षण के लिए उपयोगी कक्ष आदि संसाधनों की व्यवस्थाएं देखेंगे। प्रशिक्षण सभी उच्चीकृत बा स्कूलों में शुरू कराया जाएगा।

● **जिले के सभी उच्चीकृत स्कूलों में शुरू की जाएगी व्यवस्था**

कस्तूरबा स्कूलों में एनसीसी शुरू कराने की कवायद शुरू कर दी गई है। स्थानीय यूनिट को भी इस संबंध में पत्र भेजा जा रहा है ताकि जल्द से जल्द स्कूलों में बालिकाओं का प्रशिक्षण सत्र शुरू कराया जा सके।

**-संजय सिंह**, बीएसए

जिले में 16 बा स्कूलों में से 12 उच्चीकृत स्कूलों में इसका संचालन शुरू होगा। विभागीय स्तर पर सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जूनियर और सीनियर विंग के तहत कक्षा 12 तक की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए यूनिट की ओर से प्रत्येक स्कूल में कम से कम एक शिक्षक को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

### इग्नू ने हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल में एमबीए शुरू किया

**बरेली, अमृत विचार** : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने इस सत्र में एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट (एमबीएएचसीएचएम) पाठ्यक्रम शुरू किया है। इसमें जुलाई से प्रवेश होंगे। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह ने बताया कि पाठ्यक्रम विभिन्न विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, प्रबंधन संस्थानों और एआईसीटीई के विशेषज्ञों ने विकसित किया है। छात्र इस पाठ्यक्रम को पूरा करके स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। प्रवेश के लिए छात्रों के स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए और आरक्षित वर्गों के लिए 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। पाठ्यक्रम में चार सेमेस्टर में 112 क्रेडिट होंगे। बरेली कॉलेज की क्षेत्रीय समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### शिक्षकों से पैसे मांगने के मामले में समिति बनाई

**बरेली** : बरेली कॉलेज में शिक्षकों के एकल ट्रांसफर के लिए प्राचार्य और प्रबंध समिति के सचिव के नाम पर पैसे मांगने के मामले में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने समिति बना दी है।

## सांख्यिकी के क्षेत्र में भी बन सकता है भविष्य पर युवा इससे बेखबर

**राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस**

शब्या सिंह तोमर, बरेली

● **रुहेलखंड विश्वविद्यालय के तीन कॉलेज ही करवाते हैं सांख्यिकी विषय से स्नातक**

● **छात्रों के लिए सिर्फ बरेली कॉलेज में ही है सांख्यिकी से परास्नातक करने की सुविधा**

**अमृत विचार** : सांख्यिकी ऐसा विषय है, जिसका उपयोग आज के समय में लगभग हर क्षेत्र में किया जा रहा है। आज के समय में यह सरकारी क्षेत्रों से लेकर प्राइवेट सेक्टर तक युवाओं के लिए रोजगार के तमाम रास्ते खोल रहा है। सबसे अधिक जॉब इस क्षेत्र में ही उत्पन्न किये जा रहे हैं। लेबर स्टेटिस्टिक्स के अनुसार 2026 तक 33 प्रतिशत नौकरियां सांख्यिकी के क्षेत्र में ही निकलेंगी।

बरेली कॉलेज की सांख्यिकी विभाग की डॉ. शुभ्रा ने बताया कि इकलौता बरेली कॉलेज ऐसा है, जहां सांख्यिकी विषय में परास्नातक की सुविधा है। हालांकि सीटें केवल 15 हैं, जिनमें से लगभग 12 ही भर पाती हैं। रुहेलखंड विश्विविद्यालय के हिंदू कॉलेज, वर्धमान कॉलेज और बरेली कॉलेज ही इस विषय में स्नातक करवाते हैं। बरेली कॉलेज में स्नातक में लगभग 50 से 60 सीटें रहती हैं। इनमें अधिकांश छात्र इस विषय को आखिरी वर्ष में छोड़ देते हैं। कॉलेज में 50 सालों से पीजी सांख्यिकी और 62 सालों से यूजी कोर्स संचालित है। जानकारी न होने की वजह से छात्र इस विषय को जरूरी नहीं समझते हैं। डॉ. शुभ्रा के अनुसार इस कोर्स को करने के बाद स्वास्थ्य, कृषि, पुरातात्विक विभाग, केमिकल इंडस्ट्री, शिक्षा, साइकोलॉजी, डेटा अनालिस्ट, रिसर्च के क्षेत्र में तमाम मौके हैं। उन्होंने बताया कि बरेली कॉलेज से पीजी करने वाले कई छात्र सरकारी पदों पर कार्यरत हुए हैं साथ ही रिसर्च के क्षेत्र में भी स्थापित हुए हैं।

**सांख्यिकी दिवस की पृष्ठभूमि** : देश के पहले प्लानिंग कमीशन के अध्यक्ष रहे प्रख्यात सांख्यिकीविद् पीसी महालनोबिस का जन्म दिवस राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। पहला राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 2007 में मनाया गया था। उस आयोजन के बाद 5 जून 2007 को भारतीय राजपत्र में एक घोषणा जारी की गई थी। तब से राष्ट्रव्यापी प्रगति में आधिकारिक सांख्यिकी की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिन सेमिनार, सम्मेलन, चर्चाएं और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।



मैं इस समय डिपार्टमेंट ऑफ प्लानिंग में कार्यरत हूं। अब सरकार के हर विभाग में एक स्टेटिस्टिक्स विंग बनाई जा रही है। योजनाओं को बनाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

**-संजीव कुमार बघेल**, पूर्व छात्र



मैं इस समय एक एनजीओ में हेल्थ डेटा रिसर्च एनालिस्ट के रूप में काम कर रहा हूं। ऐसा कोई फील्ड नहीं, जहां सांख्यिकी विषय के ज्ञाताओं की डिमांड न हो। समाज में होने वाले हर छोटे-बड़े बदलावों को भी स्टेटिस्टिक्स से ही दर्शाया जाता है। **-प्रदीप राठौर, पूर्व छात्र**



मैं शहर में ही सहायक सांख्यिकी अधिकारी के रूप में कार्यरत हूं। पहले नहीं सोचा था कि यह विषय जीवन में इतना सहायक रहेगा, लेकिन आज के समय में इस क्षेत्र में सरकारी के साथ प्राइवेट सेक्टर में भी अपार संभावनाएं सामने आ रही हैं।

**-अनुपम पाराशरी**, पूर्व छात्र



मैं इस समय बांदा कृषि विश्वविद्यालय में स्टेटिस्टिकल असिस्टेंट प्रोफेसर हूं। कृषि में सबसे अधिक सांख्यिकी का इस्तेमाल किया जाता है। जो भी नई नौकरियां शुरू हो रही हैं, उनमें से अधिकांश में सांख्यिकी के विद्यार्थियों की मांग बनी हुई है। **-गौरव शुक्ला, पूर्व छात्र**

# छानबीन : 1970 में पहली बार बिकी जमीन... अब तक 80-85 बैनामे

## प्रशासन ने अलग-अलग गाटा नंबरों पर जमीन की खरीद-फरोख्त की मांगी जानकारी तो रजिस्ट्री विभाग ने जुटाया ब्योरा, सामने आया रिकार्ड

अनुपम सिंह, बरेली


राजीव राणा के गुर्गों ने मार्बल शोरूम पर चला दिया था बुलडोजर। ● फाइल फोटो

- 54 साल पुराना 40 बीघा का खेत एक-एक बैनामे के साथ होता रहा प्लॉटों में तब्दील
- किसी समय कौड़ियों के दाम बिकी थी विवादित जमीन, अब करोड़ों में पहुंची कीमत

**अमृत विचार :** करीब 15 करोड़ के जिस पर प्लॉट पर कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर खुलेआम दो घंटे तक गोलीबारी कर पूरे शहर को दहला दिया गया, उसका इतिहास करीब 54 साल पुराना है। तब यह प्लॉट नहीं बल्कि 35-40 बीघा का खेत हुआ करता था जिसका रजिस्ट्री विभाग में पहली बार 1970 में बिकने का रिकॉर्ड है। समय गुजरने के साथ कुल 80-85 बैनामे हुए और ये खेत प्लॉटों में तब्दील हो गया और उसकी कीमत कौड़ियों से करोड़ों में पहुंच गई।

कुछ साल पहले यह जगह भूमाफिया की निगाहों में आई तो भीषण गैंगवार की बुनियाद भी रखी जाने लगी। छह दिन पहले पीलीभीत बाईपास पर गोलीबारी की घटना के बाद पुलिस और प्रशासन कई अलग-अलग दिशा में काम कर रहा है। बृहस्पतिवार को गोलीकांड के मुख्य आरोपी राणा का एक होटल और कोठी ध्वस्त कर दी गई थी तो शुक्रवार को दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय के डोहरा रोड पर आलीशान रिजॉर्ट पर भी बुलडोजर चला दिया गया। इसके साथ प्रशासन विवादित जमीन के बैनामे कराने वाले लोगों की कुंडली खंगालने में भी जुट गया है। प्रशासनिक अफसरों ने रजिस्ट्री विभाग को अलग-अलग गाटा नंबर देकर उनकी रजिस्ट्री कराने वाले लोगों के बारे में जानकारी मांगी है।

पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुए गैंगवार के मुख्य आरोपी राजीव राना पर समेत अन्य आरोपियों पर कार्रवाई के साथ ही बाकी उन लोगों की भी कुंडली खंगालने की कवायद शुरू हो गई है, जिन्होंने इस जमीन पर बैनामे करा रखे हैं। प्रशासन की ओर से निबंधन विभाग से अलग-अलग गाटा संख्या देकर रजिस्ट्रियां कराने वाले लोगों के बारे में जानकारी मांगी है। बताया जा रहा है कि रजिस्ट्री कार्यालय से प्रशासन को कुछ गाटा नंबरों के बारे में जानकारी उपलब्ध करा दी है। बाकी गाटा नंबरों के बारे में पता लगाने के लिए पुराने रिकॉर्ड की छानबीन की जा रही है।

जिस विवादित प्लॉट के लिए बवाल हुआ, उसके आसपास बडे. क्षेत्रफल में जमीन है। कई कॉलोनियां भी बन चुकी हैं। बताया जा रहा है कि रिकॉर्ड के मुताबिक सन् 1970 तक यह जमीन झम्मन नाम के किसी शख्स की होती थी। तब इस पर खेती हुआ करती थी और इसका कुल रकबा 35-40 बीघा हुआ करता था। झम्मन ने इस जमीन का सन् 1970 में इस जमीन का पहला बैनामा किया था। इसके बाद अब तक उसकी अलग-अलग लोगों के 80 से 85 रजिस्ट्री कराने का ब्योरा मिला है। प्रशासन ने इनमें से 15-20 गाटा नंबर रजिस्ट्री दफ्तर को देकर उन पर बैनामा कराने वाले लोगों के बारे में जानकारी मांगी है। रजिस्ट्री विभाग ने इनमें से कुछ गाटा नंबरों के बारे में जानकारी दे दी है और कुछ का ब्योरा तैयार कर रहा है।

### रजिस्ट्री विभाग की रिपोर्ट से होगा तय, किसके नाम है जमीन, कौन काबिज

प्रशासन ने रजिस्ट्री विभाग को जो गाटा नंबर दिए हैं, उनसे संबंधित अलग-अलग बिंदु पर जानकारी मांगी है। इनमें फिलहाल जमीन किसके नाम पर कागजों में दर्ज है, जमीन कब बेची गई थी, उसे बेचने और खरीदने वाला कौन था जैसे बिंदु शामिल हैं। माना जा रहा है कि रजिस्ट्री विभाग से ब्योरा लेने के बाद प्रशासन यह देखेगा कि जिसके नाम बैनामा है यानी कागजों में स्वामित्व है, वह मौके पर भी काबिज है या नहीं। इससे एक तो यह साबित होगा कि जमीन का स्वामित्व न होने के बावजूद कौन-कौन इस मामले में दिलचस्पी दिखा रहा है और किसने इस जमीन पर नाजायज कब्जा किया है, दूसरे भविष्य में कोई नया विवाद रोकने में मदद मिलेगी। हालांकि अभी अफसर इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस जमीन से संबंधित कई मामले सिविल कोर्ट में भी विचाराधीन हैं।

## एक नजर

### फार्मा कंपनी के साथ मिलकर बांट रहे फैक्टर इंजेक्शन

**बरेली, अमृत विचार :** जीवन रेखा हीमोफीलिया जन कल्याण समिति की अध्यक्ष रेखा रानी ने एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा से शिकायत की कि संजयनगर क्षेत्र में कुछ लोग एक फार्मा कंपनी के साथ मिलकर हीमोफीलिया मरीजों को फैक्टर इंजेक्शन बांट रहे हैं। इस प्रकार मरीजों को समय पर उचित इलाज नहीं मिल पाएगा। इसके साथ ही निगरानी भी प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि मरीज पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जिला अस्पताल में ही आकर यह इंजेक्शन लगवाएं तो बेहतर रहेगा। इस संबंध में एडीएसआईसी ने बताया कि फैक्टर इंजेक्शनों की उपलब्धता काफी है। मरीजों को लंबे समय से अस्पताल में ही इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं, इसलिए मरीजों से अपील है कि अस्पताल में ही फैक्टर लगवाएं।

### अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में 11 पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** क्षेत्र में मामूली बात पर अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बिलौरी गांव निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 8 नवंबर की शाम करीब 7 :30 बजे उसका भाई रामू पड़ोस की दुकान पर सामान लेने गया था। बच्चों के आपसी विवाद के कारण गांव के ही प्रेम, लच्छूराम, गोकरन और संजीव ने उसके भाई को और भगवान शरण को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं नगर के मोहल्ला अनूपुरा निवासी दिनेश ने बताया कि वह 24 मार्च की रात करीब 11 बजे मोहल्ले में घूम रहा था। इसी दौरान मोहल्ला निवासी ओमकार शराब के नशे में आ गया। वह गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने उसे लाठी से मारापीटा। जिससे वह घायल हो गया। वहीं बझेडा गांव निवासी सर्वराज ने बताया कि चार दिन पूर्व सुबह 6 बजे जमीन और घर के बंटवारे को लेकर जंडैल सिंह, शुभलेश, शीलेन्द्र, संत ऋषि ने उसके बेटे रुपेंद्र को लाठी डंडों से पीटा। जिससे वह घायल हो गया। वहीं नगर के पुरैना ढाल निवासी महेश ने बताया कि छह दिन पूर्व रात्रि करीब 8 बजे बच्चों के विवाद में मोहल्ले के ही भगवान दास और उसकी पत्नी पूनम देवी गालियां देने लगे। विरोध पर दोनों ने उन्हें पीटा।

### मारपीट से दो महिलाओं का गर्भपात

**कैंट, अमृत विचार :** शादी में कम दहेज मिलने से नाराज ससुरालियों ने महिलाओं से मारपीट की, पेट में चोट लगने की वजह से दो महिलाओं का गर्भपात हो गया। दोनों पीड़िताओं ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कैंट क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी सविता देवी ने बताया कि उसकी शादी 11 मई 2022 को शाहजहांपुर के जलालाबाद के गांव ढका मालपुर निवासी बलवीर से हुई थी। शादी के बाद ससुराली मायके से बाइक लाने का दबाव बनाने लगे। असमर्थता जताने पर मारपीट की, पेट में चोट लगने से उसका गर्भपात हो गया। जब वह फिर गर्भवती हुई तो भ्रूण की जांच कराई, बच्ची की पुष्टि होने पर दोबारा गर्भपात का दबाव बनाया। बेटी के जन्म के बाद मारपीट कर पति उसे मायके छोड़ गया। वहीं, नकटिया मोहनपुर स्थित चेतना कॉलोनी निवासी अनम आफताब ने बताया कि उनकी शादी 20 जनवरी को ठिरिया निजाबत खां निवासी आदिल रजा खान के साथ हुई थी। दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे, उसे प्रताड़ित करने लगे। मारपीट के दौरान महिला का गर्भपात हो गया। बाद में महिला को घर से निकाल दिया।

# जेल गया राजीव राणा, अब नाटकीय ढंग से हाजिर कराने वाले पुलिस की रडार पर

## होटल-कोठी पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू होने के कुछ ही देर बाद आकर हो गया था हाजिर

कार्यालय संवाददाता, बरेली


आरोपी राजीव राणा को हिरासत में लेकर जातीं सीओ अनीता चौहान। फाइल फोटो



राजीव राणा को किसने नाटकीय ढंग से पुलिस के सामने हाजिर कराया, इसकी जांच एसपी देहात मानुष पारीक को दी है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई होगी। गोलीकांड के छह और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके साथ राजीव राणा को भी शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।
– अनुराग आर्य, एसएसपी

- कुछ सफेदपोशों पर हाजिर कराने का शक, एसएसपी ने शुरू कराई जांच
- राणा के दो भाई, दो बेटे और ड्राइवर भी जेल गए, रात में किया था गिरफ्तार

**अमृत विचार :** अपना होटल और कोठी ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई के बीच अचानक हाजिर हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा को शुक्रवार को पांच और आरोपियों के साथ जेल भेज दिया गया। इनमें उसके भाई और बेटे भी शामिल हैं। इसके साथ उन सफेदपोश लोगों को भी चिह्नित करने में जुट गई है जिन्होंने नाटकीय ढंग से हाजिर होने में राणा की मदद की। एसएसपी ने यह जिम्मेदारी एसपी देहात मानुष पारीक को सौंपी है।

पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार रात सीओ अनीता चौहान के साथ इज्जतनगर पुलिस और एसओजी ने अलग अलग दबिश देकर राणा के परिवार के चार लोगों के साथ उसके ड्राइवर को गिरफ्तार किया। इनमें 34 ए संजयनगर में रहने वाला राजीव राणा का भाई हरिओम सिंह और राधेश्याम, सुरेशशर्मा नगर में रहने वाले उसके दो बेटे आशीष और राजन और जोगीनवादा की गोसाई गौंटिया निवासी उसका ड्राइवर दिनेश कठेरिया शामिल है। इन सभी के भी नाम पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट कब्जे के लिए दो घंटे तक गोलीबारी के बाद थाना इज्जतनगर में दर्ज कराई गई एफआईआर में शामिल हैं। राणा के साथ शुक्रवार को इन सभी को जेल भेज दिया गया।

पुलिस अब उन लोगों को चिह्नित करने में भी जुट गई है जिन्होंने राजीव राणा उसके होटल और कोठी को गिराए जाने के दौरान नाटकीय ढंग से हाजिर कराया। पुलिस का कहना है कि राणा की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ से उत्तराखंड तक पांच टीमें दबिश दे रही थीं। जिस तरह उसने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होने के दो घंटे के अंदर कैमरों के बीच आत्मसमर्पण किया, उससे साफ जाहिर है कि वह कुछ लोगों के संपर्क में था और योजनाबद्ध ढंग से उसका नाटकीय आत्मसमर्पण कराया गया। एसएसपी अनुराग आर्य ने इन लोगों को चिह्नित करने के लिए एसपी देहात मानुष पारीक को जांच का निर्देश दिया है।

### ... तो क्या शहर में ही छिपा हुआ था राणा

संजयनगर में अपनी कोठी और होटल पर बुलडोजर चलना शुरू होने के कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंचकर हाजिर होने वाला राणा कहां छिपा हुआ था, यह अब तक साफ नहीं हुआ है। सिर्फ अटकलबाजी ही चल रही है। हालांकि, यह साफ तौर पर माना जा रहा है कि वह शहर में ही छिपा था या कहीं आसपास था। तभी इतनी जल्दी मौके पर पहुंच गया। यह भी सवाल उठ रहा है कि अगर वह शहर में छिपा था तो उसे किसने शरण दे रखी थी।

### 'कोई हो'... सारे आरोपियों पर लगेगा गैंगस्टर और एनएसए

- आईजी ने फिर दोहराकर पर्दे के पीछे खेलने वालों पर भी दिए सख्ती के संकेत
- कहा- कार्रवाई शुरू हो गई, सभी आरोपियों को अंजाम तक पहुंचाकर ही रुकेगी



**बरेली, अमृत विचार :** आईजी डॉ. राकेश सिंह ने शुक्रवार को आदित्य उपाध्याय पक्ष पर कार्रवाई के बाद फिर दोहराया कि गोलीकांड में कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लिप्त हो, उस पर हर हालत में गैंगस्टर और एनएसए लगेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए कार्रवाई शुरू हो गई है जो सभी आरोपियों को अंजाम तक पहुंचाकर ही रुकेगी।

प्लॉट पर कब्जे के लिए हुई गोलाबारी के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल लिया है। लगभग सभी आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास मिला है। इसके बाद इन सभी के खिलाफ एनएसए और गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए काम शुरू कर दिया गया है। आईजी ने कहा कि मामले में इस घटना में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। उनकी कॉल डिटेल की जांच की जा रही है ताकि साफ हो सके कि कौन-कौन पर्दे में रहकर दोनों पक्षों की मदद कर रहे थे। कोई नया नाम सामने आएगा तो केस में बढ़ाया जाएगा। इस कार्रवाई को बहुत जल्द पूरा करेंगे ताकि यह प्रदेश भर में नजीर बने।

### हिस्ट्रीशीटर केपी अब भी फरार कोर्ट में हाजिर होने नहीं पहुंचा

राणा का प्रमुख सहयोगी हिस्ट्रीशीटर सभासद हिस्ट्रीशीटर केपी यादव अब भी फरार है। पुलिस उसका कोई पता नहीं लगा पाई है। केपी यादव ने कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के लिए अर्जी लगाई थी जिस पर शुक्रवार को सुनवाई भी थी लेकिन वह कोर्ट भी नहीं पहुंचा। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# राणा ने जेसीबी मंगाने के लिए 17 बार किया फोन, भाई ने गोलीबारी के लिए एडवांस दिए 10 लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उधड़ीं परतें : घटनास्थल से तीन सौ मीटर दूर ही गोलियों का तड़तड़ाहट सुनता रहा था राणा

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर हुए गोलीकांड की परतें अब उधड़नी शुरू हो गई हैं। पुलिस छानबीन में पता चला है कि राजीव राणा का भाई संजय इस पूरे घटनाक्रम में फ्रंट पर रहा था। उसी ने भाड़े के गुंडों से गोलीबारी कराने के लिए हिस्ट्रीशीटर केपी यादव को 10 लाख रुपये एडवांस दिए थे। पर्दे के पीछे रहकर पूरे खेल को अंजाम देने वाले राजीव राणा ने घटना वाले दिन जेसीबी बुलाने के लिए एक-दो नहीं बल्कि 17 बार फोन किया था। जब गोलीबारी हुई, तब भी वह विवादित प्लॉट से सिर्फ तीन सौ मीटर की दूरी पर मौजूद था।

पुलिस के मुताबिक राजीव राणा ने अपने भाई संजय राणा को यह कहकर खुली छूट दी थी कि उसे हर हाल में प्लॉट पर कब्जा चाहिए। इसी के बाद संजय फ्रंट पर आ गया। उसने तैयारी शुरू कर किराए के गुंडे जुटाने के लिए हिस्ट्रीशीटर केपी यादव से 30 लाख रुपये में सौदा तय किया और उसे तीन बार में 10 लाख रुपये एडवांस भी दिए। इसके बाद तीन दिन तक रोज केपी यादव और संजय राणा की मुलाकातें हुईं। 21 जून की रात रिठौरा में शराब पार्टी के बाद किराए के गुंडों को सीके वैली और सिटी स्टार होटल में ठहराया गया जहां से तड़के ही वे प्लॉट पर पहुंच गए, लेकिन जेसीबी न आ पाने की वजह से कब्जा करने का काम शुरू नहीं हो सका।

राजीव राणा को यह पता चला तो उसने जेसीबी मालिक को लगातार 17 बार फोन किया। जेसीबी करीब 6 बजे पहुंची। इससे पहले संजय राणा ने यहां सबसे पहले अपना बोर्ड लगाकर कुछ सामान रखवा चुका था। जेसीबी से तोड़फोड़ शुरू करने के बाद दूसरे पक्ष की ओर से विरोध हुआ तो संजय ने ही गोली चलाने को कहा। इसके बाद पूरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजने लगा।

### काम शुरू नहीं हुआ तो राणा ने फोन पर भाई को दीं गालियां

समय पर जेसीबी न पहुंचने की बात पता चलने पर राजीव राणा अपने भाई संजय राणा पर ही बुरी तरह भड़क गया। जेसीबी मालिक को कई बार फोन करने के साथ वह संजय को भी बार-बार फोन कर गालियां देता रहा। पुलिस के मुताबिक कुछ कॉल रिकॉर्डिंग मिली हैं जिनमें राजीव राणा गालियां देते हुए अपने भाई संजय से कह रहा है, तुझे यही जिम्मेदारी दी गई थी इसीलिए एडवांस पैसा दिया था। मुझे किसी भी हालत में आज ही प्लॉट पर कब्जा चाहिए।

### आठवीं पास राणा ने 10 साल में बनाई अकूत संपत्ति

पुलिस अधिकारियों की पूछताछ में पता चला कि राजीव राणा 8वीं तक ही पढ़ा है। पिछले 10 साल में उसने अकूत संपत्ति बनाई है। वह पहले खुद अपराध करता था लेकिन नेताओं की छत्रछाया हासिल होने के बाद उसने अपने छोटे भाई संजय राणा को दायां हाथ बना लिया। संजय ने सामने आकर जमीनों पर कब्जे शुरू कर दिए। राजीव का दूसरा भाई हरिओम बैट्री कारोबार, गौरीशंकर पत्थर और ठेकेदारी और राधे ठेकेदारी करता है। राजीव पर थाना इज्जतनगर में ही पांच केस दर्ज हैं।

**दोनों पक्षों को नेताओं का संरक्षण :** राजीव राणा से पूछताछ में यह भी साफ हुआ है कि दोनों पक्षों को नेताओं का पूरा संरक्षण हासिल था। नेताओं ने ही उन्हें आश्वस्त किया था कि कुछ भी हो, मामला संभाल लिया जाएगा। यही वजह रही कि दोनों पक्षों ने बगैर हिचकिचाहट जमकर गोलीबारी की। लेकिन आखिर में दोनों पक्षों को को ये दांव उल्टा पड़ गया।

### पुलिस ने भीड़ को वीडियो बनाने से रोका

**बरेली, अमृत विचार :** तुलाशेरपुर में आबादी के बीच चल रहे सिटी स्टार होटल को बीडीए की टीम सील करने पहुंची तो आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। कुछ लोगों ने छतों पर पहुंचकर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। पुलिस प्रशासन की टीम जब पहुंची तो सामने एक घर की छत पर खड़े होकर वीडियो बना रहे युवकों के सख्ती से मोबाइल फोन बंद कराकर छत से उतार दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा एक ऑरिजिनल बैनामा जिसकी दिनांक 19.07.2012 वही सं. -1, जिल्द सं. 5565, पृष्ठ सं. 387 से 408 पर क्रमांक 9228 जोकि सूरज पाल पुत्र नत्थू लाल, निवासी सिठौरा, बरेली में श्रीमती चन्दवती के नाम किया था, जिसका ऑरिजनल बैनामा कहीं खो गया है, जिसका प्रयोग पूर्णतया अवैध है। यदि किसी को आपत्ति है तो 15 दिन में सूचित करें। **बब्लु पुत्र श्री रामौतार, निवासी समसपुर, बरेली उ.प्र. - 243001 मो. 6397467319**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम त्रुटिवश Parul Yadav अंकित हो गया है जबकि वास्तव में मेरा नाम Paro Yadav है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना पहचाना जाए। **पारो यादव पत्नी स्व. अमित सिंह यादव नि. मोहल्ला तखान पीलीभीत।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी माँ रिजवाना बी, भाई मोहम्मद शाजमान व बहन फरहा नाज़ द्वारा गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में मेरा उनसे कोई सरोकार व वास्ता नहीं होगा। नशरा नाज़ पुत्री स्व. ग्यासुद्दीन निवासी मोहल्ला अशरफ खां, थाना कोतवाली, जिला पीलीभीत।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र विजय पाल व पुत्रवधू श्रीमती गंगाजली को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **बाबू राम पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम ऐना पोस्ट जोगीठेर, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश मनोज कुमारी अंकित हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम सुशीला है। भविष्य में मुझे सुशीला के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **सुशीला पत्नी श्री बब्लू निवासी ग्राम कुरतरा फतेहगंज पश्चिमी, जिला बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र गौरव मिश्रा पुत्र स्व. राघवेन्द्र मिश्रा (मेरे पूर्व पति) व पुत्रवधु प्रीति मिश्रा को उनके गलत आचरण व गलत संगत के कारण उनसे तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **मीरा मिश्रा पत्नी सतानन्द मिश्रा (वर्तमान पति), निवासी ग्राम बिलपुर नई कालोनी, थाना फतेहगंज पूर्वी, तहसील फरीदपुर, जिला बरेली**

ट्रेन्ड PRO की आवश्यकता है
मेडीहब अस्पताल
निकट पुलिस चौकी, नकटिया, बरेली।
9760493901

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### सांवरिया लॉन के पिछले हिस्से में कुत्तों का भी कारोबार



**बरेली, अमृत विचार :** सांवरिया लॉन के पिछले हिस्से में शटर के अंदर रखे बड़े पिंजरे में प्रतिबंधित पिटबुल के अलावा जर्मन शेफर्ड समेत कई प्रजाति के 10 कुत्ते मिले। पता चला कि यहां कुत्तों की भी खरीद-फरोख्त की जाती है। इन कुत्तों की देखभाल कर रही युवतियों ने बीडीए की टीम पर नाराजगी जताई लेकिन अफसरों के निर्देश पर कुत्तों को वहां से निकालकर कार्रवाई शुरू की गई। इन कुत्तों को गांव के एक घर में रखवाया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# गर्भ निरोधक दवाएं लेना नापसंद, नसबंदी के केसों में भी आई कमी

**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल प्रबंधन परिवार नियोजन कार्यक्रम में जागरूकता लाने में पिछड़ रहा है। महिलाओं के गर्भ निरोधक दवाएं लेने में पिछले साल की तुलना में इस साल 44 फीसदी की कमी हुई है। इसके अलावा नसबंदी की संख्या भी काफी गिरी है।

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 में जिला महिला अस्पताल में आने वाली 6049 महिलाओं ने गर्भ निरोधक दवा अस्पताल से ली थी लेकिन वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 2657 ही रह गया। इसके अलावा वर्ष 2022-23 में पुरुषों की नसबंदी की संख्या आठ थी जो इस साल सिर्फ छह ही रह गई। पुरुषों की तुलना में भले ही महिलाएं नसबंदी कराने में आगे हों लेकिन इनकी भी संख्या घटी है। जहां वर्ष 2022-23 में 309 महिलाओं ने नसबंदी कराई थी, वहीं वर्ष 2023-24 में संख्या 271 रह गई। अधिकारियों के अनुसार ओपीडी परिसर में ही कंडोम बॉक्स है। अस्पताल के कर्मचारी महिला मरीजों के साथ आने वाले पुरुषों को कंडोम वितरित हैं लेकिन इसकी भी संख्या घटी है। जहां वर्ष 2022-23 में 78815 कंडोम का वितरण हुआ वहीं वर्ष 2023-24 में संख्या सिर्फ 49309 ही रह गई। हालांकि कॉपर टी लगवाने के मामले की संख्या बढ़ी है। वर्ष 2022-23 में 1438 महिलाओं ने और 2023-24 में 1522 महिलाओं ने कॉपर टी लगवाई। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि परिवार नियोजन के लिए मरीजों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ लें।

# छात्रा का गर्भपात करने वाली दाई समेत छह आरोपियों को भेजा जेल

संवाददाता, फरीदपुर


छात्रा का गर्भपात कराने के मामले में आरोपियों को जेल भेजती पुलिस। ● अमृत विचार

- पीड़िता की सहेली समेत दो आरोपी अभी फरार, तलाश में दबिश जारी

**अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी की रहने वाली छात्रा का अवैध रूप से गर्भपात करने वाले गिरोह में शामिल नर्स (दाई) समेत छह आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

आरोपियों में सोनू अंसारी निवासी भगवंतापुर, इरफान निवासी मोहल्ला मिर्धान, नजाकत निवासी मोहल्ला फरखपुर, मोहित निवासी मोहल्ला शिवनगर कॉलोनी बीसलपुर रोड, रिजवान उर्फ सिद्धू निवासी नवादा और सीमा निवासी बिनौरा शाहजहांपुर शामिल हैं। पुलिस ने डीके अस्पताल और अल्फाज अल्ट्रासाउंड केंद्र फरीदपुर से गर्भपात के उपकरण भी बरामद की है। जबकि, छात्रा की सहेली और विशाल गंगवार फरार हैं।

पीड़ित छात्रा के पिता ने गांव के ही एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि 21 जून को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म किया गया। पुलिस जांच में आरोपी सोनू अंसारी, इरफान, नजाकत, मोहित, रिजवान उर्फ सिद्धू, सीमा के नाम सामने आए। सोनू अंसारी ने बताया कि वह डीके अस्पताल में काम करता हैं। अस्पताल के संचालक इरफान और नजाकत हैं, यहां सीमा नाम की महिला दाई का काम करती है। सभी मिलकर अवैध रूप से गर्भपात करके कमाई करते हैं। आरोपी रिजवान उर्फ सिद्धू ने बताया कि उसकी सिद्दीकी गारमेंट के नाम से दुकान है। छात्र की दोस्ती क्षेत्र के रहने वाली एक युवती से थी। पीड़िता अपने सभी राज अपनी दोस्त को बताती थी, उसे बताया कि गांव के ही एक युवक से वह प्यार करती है और वह 6-7 माह की गर्भवती है, इससे वह काफी परेशान थी। इससे आरोपी विशाल गंगवार भी परेशान था। छात्रा आत्महत्या की सोच रही थी।

यह बात छात्र की सहेली ने रिजवान को बताई रिजवान ने रेनू अल्ट्रासाउंड सेंटर पर उसका अल्ट्रासाउंड कराया, इसके बाद डीके अस्पताल में गर्भपात कराया गया। अवैध तरीके से गर्भपात से छात्रा की हालत खराब होने पर सभी लोग वहां से भाग गए। इसकी सूचना सोनू ने छात्र के पिता को फोन पर दी। उसके माता-पिता घर ले गए छात्रा को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बदायूं -दातागंज रोड के गड्ढों में फंस रही हैं गाड़ियां

## बारिश के बाद सड़क पर भरे पानी और कीचड़ से बाइक सवार और पैदल राहगीरों का चलना हुआ दुश्वार

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

**अमृत विचार :** बारिश से दातागंज मार्ग की हालत दयनीय हो गई, जगह-जगह जल भराव होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिलपुर क्रासिंग की ओर स्थित बदायूं - दातागंज मार्ग की स्थिति बेहद खराब हैं। पहली बारिश के बाद हालात और खराब हो गए।

पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क के गड्ढों को औपचारिक रूप से भरवा दिया गया था, जो बारिश के बाद फिर उखड़ गया। इसी गड्ढे भरे मार्ग से ही होकर जन प्रतिनिधि निकलते हैं, लेकिन इसे नजर अंदाज कर निकल जाते है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि अगर इस मार्ग का हिस्सा रेलवे विभाग का है तो क्या किसी अनहोनी का जिम्मेदार इंतजार कर रहे है। यहां रोज इन गड्ढों में फंसकर या तो वाहन खराब हो जाते है या पलट जाते है। शुक्रवार दोपहर दातागंज की ओर से आ रहा एक अनाज की बोरियों से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली मार्ग के गड्ढों में फंस गया। चालक ने ट्रैक्टर ट्रॉली निकालने के लिए काफी जोर लगाया, लेकिन वह नहीं निकाल पाया। इस वजह से काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रहीं। जिसके बाद ट्रैक्टर ट्रॉली को एक ट्रक ने धक्का लगाकर निकाला। सड़क पर फैले कीचड़ से छोटे वाहन चालकों, बाइक सवारों और राहगीरों को ज्यादा समस्या हुई। इस बदहाल मार्ग की शिकायत कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों से की। इसके बाद भी यहां के लोगों की समस्या के समाधान की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया परिणाम स्वरूप पहली बारिश होते ही यहां समस्याएं विकराल हो गई। लोग बारिश के बाद यहां से निकलने के लिए परेशान होते रहे।



बदायूं -दातागंज मार्ग के गड्ढों में पानी भरने और फैले कीचड़ से परेशान होते वाहन सवार। ● अमृत विचार

### 300 मीटर का सफर चुनौती भरा

वाहन चालकों की माने तो दातागंज मार्ग का तकरीबन 300 मीटर तक के हिस्से का सफर बड़ा चुनौती पूर्ण है। इन गड्ढों में फंसकर वाहन पलटना आम बात है, लेकिन विभाग बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।22 जुलाई से सावन भी प्रारंभ हो रहा है, इसी मार्ग से शिवभक्त जलाभिषेक के लिए निकलते हैं, लेकिन बदहाल सड़क की ओर प्रशासनिक अधिकारी का ध्यान नहीं है। इससे शिवभक्तों को दिक्कतों का सामना करना पडेगा।





# शादी वाले घर से नकदी-जेवर चोरी

संवाददाता, भमोरा/आंवला

- 15 लाख के जेवर और एक लाख रुपये चुरा ले गए चोर

**अमृत विचार :** चोरों ने शादी वाले घर से नकदी और जेवर चुरा ले गए। पुलिस ने जांच के लिए फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम बुलाई। फॉरेंसिक टीम ने नमूने लेकर साक्ष्य जुटाए। परंतु बारिश का पानी भरा होने से डॉग स्क्वायड को कोई सफलता नहीं मिल सकी।

भमोरा के गांव सेंधा निवासी धारा सिंह यादव ने बताया कि वह इफको प्लांट में मजदूरी करता है। उसके बड़े बेटे जितेन्द्र यादव की 10 जुलाई को बरात जानी है। परिवार में शादी की तैयारियां चल रही हैं। पिछले दिनों वह दुल्हन के चढ़ावे के लिए जेवर, कपड़े खरीद लाया था। धारासिंह यादव के बेटे ने बताया कि गुरुवार रात करीब 12:30 बजे तक घर में महिलाएं मंगल गीत गाती रहीं। उसके बाद सभी सोने चले गए रात करीब 3:30 बजे उसे कमरे से खटपट की आहट हुई। उसने मां को समझकर आवाज लगाई। इसी दौरान एक चोर कमरे से निकल कर भागा। अनजान व्यक्ति भागता को देख उसने शोर मचा दिया। घर के बाहर तीन चोर नकाब पहने खड़े थे। शोर सुनकर वह चारों खेतों की ओर भागने लगे। उसने मोहल्ले वालों की मदद से उनका पीछा किया। परंतु वह लोग फरार हो गए। परिजनों ने कमरे खोल कर देखे तो सारा सामान बिखरा हुआ था। नकदी समेत दुल्हन और घर का सारा जेवर गायब था। जेवर के खाली डिब्बे घर के दरवाजे और घर से करीब सौ मीटर दूर पड़े मिले। चोर घर के पास लगे नीम के पेड़ के सहारे छत पर चढ़े और जीने के रास्ते घर में घुस गए। चोरों ने कमरे खंगाल लिए। उसने बताया कि चोर कमरे में रखें संदूक और अलमारी के ताले तोड़कर से 57 हजार रुपये के नए नोट और 43 हजार के पुराने नोट रखे थे और करीब 15 लाख के जेवर चुरा ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने इफको इम्पलाइज छोटे लाल के घर के ताले तोड़ दिये थे। परंतु जाग होने पर वह घटना करने में सफल नहीं हो सके। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### भाजपा का पौधरोपण अभियान शुरू

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बारिश शुरू होने पर भाजपा ने पौधरोपण अभियान शुरू किया। पहले दिन नगर के मोहल्ला रामलीला, महादेव पुरम और कानूनगो यान में खाली पड़े स्थानों पर पीपल, नीम, आम आदि के साथ औषधीय और फलदार पौधे लगाए। अभियान में नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, राहुल गुप्ता समेत अन्य रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी बरेली

पत्रांक: 550/न.पं.फ.पू./2024-25 दिनांक 28.06.2024

**विज्ञप्ति**

**जीरो वेस्ट इवेन्ट के अन्तर्गत SOP**

नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के समस्त सम्मानित नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नगर को ''गार्बेज फ्री'' बनाने हेतु प्रयासरत् हैं। इसके लिए नगर पंचायत द्वारा ''जीरो वेस्ट इवेंट'' के अन्तर्गत SOP निर्धारित की है। जिसमें आप सभी नागरिकों द्वारा आयोजित होने वाले व्यवसायिक/ऑफिसियल/धार्मिक/सामाजिक कार्यक्रम में निम्न कार्यवाही अपेक्षित है-

- स्वागत द्वार पर ''**यह स्वच्छ/जीरो वेस्ट कार्यक्रम है।**'' स्पष्ट रूप में लिखा होना चाहिए।
- प्लास्टिक के पलैक्सी, बैनर या साइनेज का प्रयोग नहीं करना है बल्कि उसके स्थान पर कपड़े, जूट तथा पेपर इत्यादि के पलैक्सी, बैनर या साइनेज का ही प्रयोग करना है।
- प्लास्टिक के बने फूल, सजावट के सामग्री का प्रयोग नहीं करना है उसके स्थान पर बायो डिग्रेडेवल पर्यावरण अनूकूल सजावट की सामग्री का प्रयोग करना है।
- किसी भी साइज के प्लास्टिक के बोतलों/ग्लास/कप/कटलरी/इत्यादि का प्रयोग नहीं करना है उसके स्थान पर बायो डिग्रडेवल पर्यावरण अनूकूल तथा पुनः उपयोग होने वाले जैसे स्टील तथा कांच के ग्लास/कप/कटलरी का प्रयोग करना है।
- कुछ-कुछ दूरी पर हैण्ड सैनेटाइजर की व्यवस्था होनी चाहिए।
- हरे तथा नीले रंग का कूड़ेदान का जिस पर स्पष्ट रूप में नीला सूखा व हरा गीला/हर दिन दो बिन लिखित हो, का प्रयोग करेंगे। सभी कूड़ेदान समय-समय पर खाली करने होंगे तथा कूड़े को पृथक्कीकरण कर नगर पंचायत के कूड़ा वाहन को देंगे।
- वाश वेसिन पर **जल बचाओ-जल संरक्षण** सम्बन्धित स्लोगन लिखे जायेंगे।
- टायलेट्स सभी प्रकार के लिंग समूहों के अनूकूल होंगे तथा निम्न शर्तो का पालन करेंगे-
  - सभी ट्रायलेस्ट सीट साफ सुथरी होंगी तथा दिव्यांग जन अनूकूल भी होंगी।
  - ट्रायलेस्ट में पर्याप्त वेन्टीलेशन, प्रकाश की व्यवस्था, पानी की उपलब्धता तथा कुन्डी लगी होगी।
  - महिलाओं हेतु सैनेट्री वेन्डिंग मशीन व इन्सीरेटर हो हर सीट पर लाल रंग का डस्टबिन हो।
  - हैण्डवाश, सोप डिस्पेन्सर की पर्याप्त सुविधा हो।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पं. फतेहगंज पूर्वी**
**बरेली**

**अध्यक्ष**
**न.पं. फतेहगंज पूर्वी**
**बरेली**


### सार-संक्षेप

### मेले में 392 युवाओं को मिला रोजगार



**फरीदपुर, अमृत विचार :** फ्यूचर ग्रुप आफ इन्टीट्यूशन में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 50 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले का उद्घाटन कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया। इस मौके पर त्रिभुवन सिंह, डॉ. हेमन्त यादव ग्रुप डायरेक्टर फ्यूचर ग्रुप आफ इन्टीटयूशन मौजूद रहे। रोजगार मेले में 1266 युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 392 का चयन किया गया। 11 चयनित अभ्यार्थियों को विधायक नियुक्ति पत्र दिए। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में एक लक्ष्य होना चाहिए कोई भी नौकरी छोटी नहीं होती हमेशा बड़े सपने देखो और उनको पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत और ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए। इस दौरान रामवीर सिंह, मदन पाल सिंह ,वीरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार , अनिल कुमार पाठक समेत अन्य रहे।

### सीएमओ ने किया मोहनपुर में लेबर रूम का उद्घाटन



**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** सीएमओ ने शुक्रवार को मोहनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेबर रूम (प्रसव कक्ष ) का उद्घाटन किया। यहां लेबर रूम सुचारू रूप से चलने से आसपास के कई गांवों की गर्भवतियों को सुविधा मिलेगी। यहां स्टाफ नर्स की तैनाती पहले से ही है, लेकिन यहां सुविधाएं नहीं होने से अब तक एक भी प्रसव नहीं हो सका ।पूरे मामले की अमृत विचार ने प्रकाशित किया था। 23 मई को अमृत विचार ने लेबर रूम और स्टाफ नर्स की तैनाती होने के बावजूद एक भी प्रसव न होने का मामला प्रकाशित किया था, जिसके बाद सीएमओ ने इसका संज्ञान लेकर सीएचसी प्रभारी को लेबर रूम सुचारू रूप से शुरू करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह बिथरी के मोहनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रसव केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. विवेक कुमार, डीसीपीएम जितेंद्र कुमार, डॉ. विक्रांत, शिवानी कुमारी, ताजुद्दीन, सचिन शर्मा, सतेंद्र कुमार, प्रियांशु पटेल, बब्बू समेत आशाएं उपस्थित रहीं।

### मंदिर के लिए ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग

**भदपुरा, अमृत विचार :** पेनहा गांव के शिव मंदिर पर बिजली नहीं होने से काफी समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से शिव मंदिर परिसर में ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युतीकरण की मांग कर चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र लिखकर विद्युतीकरण की मांग की है। पेनहा गांव में शिव मंदिर पर हर मंगलवार को श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहता है। मंदिर परिसर में लोगों के ठहरने की व्यवस्था तो है, लेकिन वहां विद्युतीकरण नहीं होने के चलते अंधेरा रहता है। मंदिर के सेवक संजीव कुमार ,सोमपाल, शिवकुमार, ओम प्रकाश ने बताया कि वह मंदिर परिसर में बिजली की मांग को लेकर कई बार विद्युत अधिकारियों से मिल चुके हैं। लेकिन विद्युत अधिकारियों ने हर बार बजट का बहाना बनाकर उनकी शिकायत को अनदेखा कर दिया।

# प्रेमी की शिकायत पर युवती को कराया मुक्त

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- प्रेम विवाह से नाराज परिजनों ने रिश्तेदारी में बना रखा था बंधक
- पीलीभीत के युवक और युवती ने दो महीने पहले की थी शादी

**अमृत विचार :** पीलीभीत के एक युवक -युवती ने दो माह पहले प्रेम विवाह कर लिया , जानकारी होने पर परिजनों ने फतेहगंज पश्चिमी के एक रिश्तेदार के घर युवती को बंधक बनाकर रख दिया। युवक के शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया।

पीलीभीत पुलिस के सहयोग नहीं करने पर फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने उपजिला अधिकारी मीरगंज के समक्ष युवती को पेश किया लेकिन एसडीएम के न होने से युवती के बयान नहीं हो पाए है। पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी के एक गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवक- युवती ने दो माह पहले चोरी छिपे शादी कर ली। परिजनों को भनक लगने पर युवती को गायब करके स्थानीय थाना क्षेत्र के एक रिश्तेदार के घर बंधक बना लिया।युवक को पता लगने पर गुरुवार को उसने शादी का प्रमाण पत्र दिखाकर स्थानीय पुलिस से पत्नी को बंधक मुक्त कराने की शिकायत कर दी। अनहोनी की आशंका के चलते थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय के निर्देश पर पुलिस ने बंधक मुक्त कराकर युवती और उसकी मां को थाना ले आई। युवती अपने मां बाप पर बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए पति के साथ जाने की जिद करने लगी। मामला पीलीभीत का होने के कारण स्थानीय पुलिस ने सुनगढ़ी थाना पुलिस को सूचना दी।लेकिन वहां की पुलिस ने अपने यहां कोई मामला दर्ज नहीं होने के कारण कोई सहयोग करने से इन्कार कर दिया। तब स्थानीय पुलिस ने अधिकारियों से बात करके शुक्रवार को युवती को एसडीएम मीरगंज के समक्ष पेश किया,लेकिन व्यस्त होने के कारण शाम तक युवती के बयान नहीं हो पाए थे।

### दरवाजे पर पहुंचे बछड़े को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**फरीदपुर, अमृत विचार :** गोवंशीय पशु के दरवाजे पर पहुंचने पर एक युवक ने लाठी से पीट कर घायल कर दिया पशुपालक के तहरीर पर एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। राम पाल यादव ने फरीदपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि फरीदपुर नगर के मोहल्ला बक्सरिया होली चौक के पास में रहकर पशुपालन का काम करता है शुक्रवार को उसने अपने बछड़े को गली में घूमने को छोड़ दिया, बछड़ा घूमता हुआ रामू यादव के दरवाजे पर पहुंच गया उसने बछड़े को बुरी से पीटा। जिसका इलाज विश्व हिन्दू महासंघ ने डॉक्टर को ले जाकर कराया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि बछड़े को दूध पिलाने के बाद अक्सर छोड़ देते थे।

### साइबर ठग ने लगाया एक लाख का चूना

**कैंट, अमृत विचार :** एक उपभोक्ता के खाते से किसी ने फर्जीवाड़ा करके कई बार ऑनलाइन खरीदारी की, जानकारी होने पर उसने पुलिस से शिकायत की। थाना सुभाषनगर क्षेत्र के मकान नंबर 488 के रहने वाले अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि 10 अगस्त 2023 को उनके बैंक खाते से ऑनलाइन किसी ने 29,400 और 3,050 की, तथा 16 अगस्त 2023 को 29,400 और 48,074 की खरीदारी कर ली। जानकारी होने पर जिसकी शिकायत उन्होंने थाना सुभाष नगर में की। शिकायत पर पुलिस ने साइबर सेल की मदद से 48,074 की खरीदारी आर्डर को कैंसिल करा दिया। इस पर वह रुपये वापस आ गए। लेकिन 61,850 रुपये अभी तक वापस नहीं आए। पीड़ित में मामले की शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पशुओं के सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के निर्माण मानकों की अनदेखी का आरोप

संवाददाता, गुलड़िया

**अमृत विचार :** बरेली मंडल का सबसे बड़ा पशुओं का सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल आंवला के गुरुगांव मुश्किल में एक हेक्टेयर में 9 करोड़ की लागत से बन रहा है। ठेकेदार ने बिना नींव डाले ही कलम के ऊपर दीवार बना दी, जिसकी पोल पहली ही बारिश में खुई, कलम भी जमीन में धसने लगे, ग्रामीणों का कहना है।

ग्रामीणों का आरोप है कि हॉस्पिटल निर्माण गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। जिसके कारण पहेली बारिश में ही दीवार गिर गई और बीम भी जमीन में धंस गए। ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की। ग्रामीणों का कहना है की पहली बारिश में ही यह हाल है तो आगे क्या होगा। बरेली आसपास के पशुपालक बीमार पशुओं को इलाज के लिए आईवीआरआई ले जाते है, अब आंवला में भी इलाज मिलेगा। यहां पशुओं को इलाज के साथ ही सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और कलर डॉप्लर हो सकेगा पशुओं की खून की जांच की भी सुविधा अस्पताल में होगी पशुओं के रोगों के लिए अलग-अलग विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए जाएंगे। ठेकेदार उमेश तलवार का कहना है कि जो निर्माण हो रहा है वह ब्लूप्रिंट के हिसाब से हो रहा हैं अभी बारिश की वजह से काम रोक दिया गया है।



बारिश से निर्माणाधीन अस्पताल की नींव से बही मिट्टी दिखाता युवक।

- ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री को पत्र लिखकर की शिकायत


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 530/न.पा.प.ज./2024-25 दिनांक : 28 जून 2024

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, जलालाबाद शाहजहाँपुर सीमान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न ठेकों की नीलामी दिनांक 12 जुलाई 2024 को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद में की जायेगी।

इच्छुक बोलीदाताओं निर्धारित तिथि व समय से पूर्व जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र तथा अग्रिम जमानत धनराशि जमा करने के उपरान्त बोली में भाग ले सकते हैं। ठेका स्वीकृति उपरान्त ठेकेदार को तत्काल निर्धारित दर पर देय स्टाम्प पर उप निबन्धक कार्यालय जलालाबाद में अपने व्यय पर अनुबन्ध करना होगा। नीलामी की शर्ते/शरायतें पालिका कार्यालय के कार्य दिवस में निःशुल्क देखी जा सकती है।

**ठेकों का विवरण निम्नवत् है :-**

| क्रमांक | मद ठेकाजात | अग्रिम जमानत राशि |
|---|---|---|
| 1. | ठेका प्राइवेट वाहन (पार्किंग शुल्क) नगर पालिका परिषद जलालाबाद | 200000.00 |
| 2. | ठेका लोडिंग-अनलोडिंग सम्पूर्ण नगर में। | 200000.00 |
| 3. | ठेका प्राइवेट वाहन (पार्किंग शुल्क) ई-रिक्शा, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र। | 200000.00 |
| 4. | ठेका खोया (वजनकशी) | 200000.00 |
| 5. | ठेका चबेना (वजनकशी) | 200000.00 |
| 6. | ठेका मुर्दा मवेशी | 200000.00 |
| 7. | ठेका सार्वजनिक शौचालय सम्पूर्ण नगर में | 200000.00 |

**अधिशासी अधिकारी**

**(शकील अहमद खाँ)**
**अध्यक्ष**


# छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गर्मी के छुट्टी के बाद खुले स्कूल के पहले दिन शिक्षकों ने छात्रों का तिलक करके स्वागत किया साथ ही मुंह मिठा कराया। विशेष शिविर में छात्रों से विविध गतिविधियां कराई गई।

**रिठौरा में बीईओ ने कि स्वागत:** कंपोजिट विद्यालय चेना मुरारपुर, बिथरी चैनपुर, प्राथमिक विद्यालय रिठौरा, खाता, भंडसर,कलापुर, कुंवरपुर बंजरिया, खाईखेड़ा,कलारी में शुक्रवार को सत्र के पहले दिन पहुंचे बच्चों का खण्ड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने रोली का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कर उन्हें कक्षाओं में प्रवेश करवाया। मिड-डे मील में भी खीर-पूड़ी खिलवाई गई। इस मौके पर नरेश गंगवार, प्रियदर्शिनी शर्मा,सुरजेश कुमार सागर, एकता सक्सेना, रामप्रकाश कृष्ण अवतार सक्सेना, राजेश कुमार शर्मा, डॉक्टर शिखा अग्रवाल, भूपेन्द्र गंगवार, सूरज गंगवार,सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

**देवरनियां में मनाया उत्सव:** देवरनियां के परिषदीय स्कूलों में जब बच्चे पहुंचे तो गुरुजनों ने उनका टीका लगाकर और फूल बरसा कर स्वागत करा। दमखोदा के आदर्श कंपोजिट विद्यालय अभयपुर में स्कूल इंचार्ज विनोद कुमार वर्मा और जूनियर हाईस्कूल मुंडिया जागीर में स्कूल इंचार्ज मोहम्मद हसन की अगुवाई में शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत किया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय जोखनपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद आकिल, रिछा में सायमा खान, मिंतरपुर में उमैर सिद्दीकी की अगुवाई में कार्यक्रम हुए।



**बच्चों का किया स्वागत :** मीरगंज के स्कूलों में शिक्षकों ने स्कूल पहुंचे बच्चों को तिलक लगाकर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।एबीएसए राजेश कुमार ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विद्यालयों को 28 तारीख से खोल दिया गया है। विद्यालय पहुंचे बच्चों का शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया। बच्चों को एमडीएम भी बांटा गया।वहीं क्षेत्र में कई स्कूलों के गेट बंद होने की सूचना मिली।

**स्कूलों को फूलों से सजाया :** फतेहगंज पूर्वी के स्कूलों में साज सज्जा की गई, बच्चों के आगमन पर स्वागत किया गया। अध्यापक गांव- गांव घूमकर अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील कर रहे। प्राथमिक विद्यालय सिमरा में इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा, नुजहत खान , कन्यावती, बिंदु रानी ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर बच्चो का स्वागत अभिनंदन किया । प्राथमिक विद्यालय निवड़िया में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अर्पणा शर्मा एवं कामरान खान ने बिलपुर में प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह चौहान ने शाहपुर वनियान प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक सुनील शुक्ला ने प्राथमिक विद्यालय सिपहिया गोटिया में प्रधानाध्यापक अरुण तोमर ने बच्चों के आज विद्यालय आगमन पर उनका तिलक लगाकर फूल मालाओं से स्वागत किया ।

### पुलिस ने भैंस चोर गिरोह के एक सदस्य को पकड़ा

**शीशगढ़, अमृत विचार :** शीशगढ़ पुलिस ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान भैंस चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके तीन साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने बताया कि दो माह पहले शीशगढ़ के गांव भकावा के सुमित ने भैंस चोरी की रिपोर्ट लिखाई थी। भैंस की बरामदगी को लेकर पुलिस टीम शुक्रवार रात मानपुर के निकट पेट्रोल पंप के पास चेकिंग कर रही थी, इस दौरान एक पिकअप को रोका तो उसमें चार लोग बैठे थे, तीन लोग भाग गए, जबकि एक आरोपी पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम साइन खां निवासी कस्बा व थाना पटवाई जिला रामपुर बताया। भैंस उसी के गैंग ने चोरी की थी, जो बेंच डाली है।तलाशी में उसके पास से 25 हजार की नकदी, मोबाइल लोडर बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर एक को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया, बाकी तीन आरोपियों की तलाश जारी हैं।

### ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं गईं

**मीरगंज, अमृत विचार :** गांव की समस्या का गांव में ही निस्तारण हो। ग्रामीणों को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। इसके लिए गांवों में चौपाल लगाई जा रही है। शुक्रवार को विकास खंड की ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जहां गांव में हुए विकास, प्रदेश और केंद्र की सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी। प्रधान सुनीता कश्यप और सचिव गजेंद्र वर्मा ने सरकार की योजनाएं बताई।

### कॉलेज में पौधरोपण किया



**बरेली, अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को विधायक संजीव अग्रवाल ने पौधरोपण किया। इस मौके पर पर प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा, चंद्रावती स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना जौहरी, रोहित राकेश, अनिल, डॉ. रीना टंडन, डॉ. रुचि अग्रवाल, सीमा पाठक आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग बहनों से छेड़खानी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** दो नाबालिग बहनों के साथ इंस्ट्राग्राम पर अश्लील बातें और फोटो शेयर करने और छेड़खानी के आरोपी आंवला थाना क्षेत्र निवासी अंश अग्रवाल की अग्रिम जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानंद ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह के अनुसार पीड़िताओं की मां ने थाना आंवला में तहरीर देकर बताया कि अंश अग्रवाल उनकी नाबालिग बेटियों का पीछा करता है। इंस्टाग्राम पर अश्लील बातें और फोटो शेयर कर रहा है। 12 अप्रैल को बेटी की आईडी पर अंश ने फोटो भेजे। छोटी बहन ने भी बयान में अंश पर छेड़छाड़ करने की बात कही। पुलिस छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट, आईटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने अपने वकील के जरिए कोर्ट में अग्रिम जमानत की गुहार लगाई थी।


## कार्यालय स्वास्थ्य विभाग नगर निगम, बरेली

**पुनः ई-निविदा सूचना**

पत्रांक 66/स्वा.वि./प.चि. एवं क.अधि./गौशाला/2024-25 दिनांक : 28.06.2024

नगर आयुक्त महोदया की स्वीकृति दिनांक 18.06.2024 के अनुपालन में नगर निगम बरेली के क्षेत्र से आवारा घूम रहे कुत्ते/कुत्तियों को पकड़कर बंधियाकरण व वैक्सीनेशन करके पकड़े गये स्थानों पर छोड़े जाने हेतु डवल विड पुनः ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जो ई-निविदायें ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबासाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या-4848/नौ-5-2018-470 सा/2018 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर 2018 के क्रम में निविदा मूल्य+GST डी.डी. के माध्यम से E-TENDER BNN@NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से ही देय होगी जिसकी व सुरक्षित धनराशि की एफ.डी.आर. की भी स्कैन कापी व अन्य सम्बन्धित प्रपत्र टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। व हार्ड कापी टेन्डर की दिनांक को विभाग में जमा करनी होगी जमानत राशि धनराशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी। सुरक्षित धनराशि 60,000/-रु. की (F.D.R.) टेण्डर अपलोड करते समय तथा 1,40,000/-रू. स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध करने से पूर्व में किया जाना अनिवार्य है। तथा एफ.डी.आर. नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्तें एवं विवरण उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 29-06-2024 - (01:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 29-06-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 05-07-2024 - (03:00 PM) |
| तकनीकी ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 06-07-2024 - (11:00 AM) |
| वित्त ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | स्वीकृति उपरान्त |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क स्वीकृति उपरान्त | 18% GST | निविदा मूल्य 18% |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ए.बी.सी. योजना के अन्तर्गत नगर निगम बरेली क्षेत्र से आवारा घूम रहे कुत्ते एवं कुतियों (ए.वे. बोर्ड द्वारा समय-समय पर दी गयी गाइडलाइन्स के अनुसार) को पकड़कर उनका बंधियाकरण व वैक्सीनेशन करके उपचार उपरान्त पकड़े गये स्थानों पर छोड़े जाने हेतु दर जीएसटी सहित प्रति कुत्ता, कुतिया देनी है (लगभग 2000 कुत्ते, कुतियों का 2024-25 एक वर्ष में) | 60000.00 | 750.00 | 135.00 | 885.00 |

**पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी,**
**नगर निगम, बरेली।**

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी,**
**नगर निगम, बरेली।**

